जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 130 प्रभात चूरू, शुक्रवार 6 सितम्बर, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# 'सेबी चेयरमैन की "इन्टिग्रिटी" (ईमानदारी) पर सवाल उठना देश की इकॉनमी के लिए घातक'

## 'अगर स्टॉक एक्स्चेंज की विश्वसनीयता पर संदेह होने लगा तो विदेश से स्टॉक एक्स्चेंज में पैसा आना बंद हो सकता है'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 सितम्बर। सेबी अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ आरोपों को लेकर दबाव को जारी रखते हुए, कांग्रेस ने आज इस मामले में स्वतन्त्र जाँच की मांग की तथा दृढ़तापूर्वक कहा कि इस मामले की जाँच कराया जाना राष्ट्र-हित में है क्योंकि विदेशी निवेशकों को चिन्ता हो रही है। उन्हें भारत के स्टॉक मार्केट की ईमानदारी के बारे में सन्देह हैं।

विपक्षी दल ने कहा कि सेबी अध्यक्ष बुच को अलग रखते हुए, स्वतंत्र जाँच बहुत जरूरी है। तभी भारत के स्टॉक मार्केट के बारे में, तथा प्रकारान्तर से भारत को अर्थव्यवस्था में, विश्वास एवं भरोसे की बहाली हो सकती है।

प्रोफेशनल्स कांग्रेस तथा डाटा ऐनेलैटिक्स के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने दावा किया है कि सेबी की अलमारी के कई ढ़ाँचे ढ़ह रहे हैं। सर्वविदित है कि सेबी भारत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है।

- **यह एक नैशनल संकट पैदा कर सकता है, अंतः सेबी चेयरमैन के प्रकरण की जांच होनी ही चाहिए। तब तक वर्तमान सेबी चेयरमैन अपने पद से अस्थाई इस्तीफा दें और किसी अन्य को पदभार सौंपें, निष्पक्ष जांच के लिए।**
- **प्रोफेशनल कांग्रेस के चेयरमैन व डेटा एनालिस्ट प्रवीण चक्रवर्ती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके कहा, उनके पास विदेशी पूँजी निवेशकों के फोन व ई-मेल आ रहे हैं, यह जानने के लिए कि भारत के स्टॉक एक्स्चेंज की क्या स्थिति है, वह विश्वसनीय है या नहीं।**

उन्होंने ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, 10 अगस्त को एक विदेशी रिसर्च फर्म ने एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें सेबी अध्यक्ष तथा उनके खिलाफ विदेशी फन्ड्स से सम्बन्धित आरोप लगाये गए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि फर्म के पास आरोपों के दस्तावेजी प्रमाण हैं। ये आरोप एक रिसर्च फर्म ने लगाए थे, किसी राजनैतिक दल ने नहीं। इसकी प्रतिक्रिया में, मोदी सरकार के एक केबिनेट मंत्री ने इस मुद्दे को सम्बोधित भी किया था।"

चक्रवर्ती ने प्रश्न किया, "सरकार ने एक विदेशी रिसर्च फर्म द्वारा सेबी के एक व्यक्ति पर लगाये गए आरोपों का जवाब क्यों दिया था?

उन्होंने कहा, "सेबी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच जवाब नहीं दे रही है, बल्कि आई.सी.आई.सी. बैंक जवाब दे रही है। आखिर क्यों?

चक्रवर्ती ने यह भी कहा कि सेबी के 500 अधिकारियों ने भारत सरकार को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि बुच के नेतृत्व में काम का माहौल "विषाक्त, अपमानजनक एवं आशंकित" करने वाला है।

उन्होंने कहा, "आज की एक समाचार रिपोर्ट कहती है कि माधवी पुरी बुच जब आई.सी.आई.सी. आई. में थीं, उस समय भी उनके पास दो नौकरियाँ थीं। उस समय वे "ग्रेटर स्पेसिफिक केपिटल" नामक प्राइवेट इक्विटी फन्ड में भी कार्यरत थी।...... हो सकता है कि बुच की नियुक्ति फायनेंस प्रोफेशनल के पद पर रही हो, लेकिन यह तथ्य बहुत सारे आरोपों और प्रश्नों को जन्म देता है। क्या इस बात से चिन्ता नहीं बढ़ती?"

कांग्रेस नेता ने प्रश्न किया, "एक निष्पक्ष एवं वस्तुपुरक जॉच कराने में आखिर हिचक क्यों है?"

उन्होंने कहा, "चूँकि मैं एक फायनेंसियल प्रोफेशनल रह चुका हूँ, इसलिये मेरे पास विदेशी निवेशकों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बढ़ते तापमान से कश्मीर का मौसम बिगड़ा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 सितम्बर। कश्मीर घाटी के दस जिलों में पिछली सदी के मौसम के डेटा का विश्लेषण कर रहे शोधकर्ताओं ने कहा है कि इस क्षेत्र को, विशेष रुप से सर्दियों और मानसून में बढ़े हुए तापमान का सामना करना पड़ सकता है। गरमाहट (वॉर्मिंग) का यह ट्रैंड पारंपरिक मौसम पैटर्न को अस्त व्यस्त कर रहा है, जिसके परिणामस्वरुप क्षेत्र का इकोसिस्टम

- **शोधकर्ताओं ने गत सदी के मौसम डेटा विश्लेषण कर दावा किया कि कश्मीर में तापमान बढ़ रहा है खासकर सर्दी में और मानसून के दौरान, इससे क्षेत्र का इकोसिस्टम बिगड़ गया है।**

बिगड़ रहा है। इसी प्रकार, सर्दी के महीनों में कम वर्षा दर्ज की जा रही है, जबकि, इसके विपरीत गर्मी तथा बसंत के महीनों में बारिश अधिक हो रही है।

स्प्रिंगर एण्ड रिसर्च गेट द्वारा प्रकाशित, 1901-2018 तक के ट्रैण्ड्स के लेखकों का कहना है कि "अधिक वर्षा से बाढ़ तथा भूस्खलन का खतरा बढ़ सकता है। अधिक वर्षा एवं "स्टीप टोपोग्राफी" (सीधी ऊँचाइयों)

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक साल में कोचिंग छात्र की बारहवी आत्महत्या

## कोटा में कोचिंग विद्यार्थियों के जीवन में बढ़ते तनाव का एक और दुःखद सबूत

कोटा, 5 सितम्बर (निसं)। शहर के जवाहर नगर थाना इलाके में एक और कोचिंग छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरसाना नगर (मथुरा) का निवासी था और कोटा में निजी कोचिंग से मेडिकल एन्ट्रैंस एग्ज़ाम की तैयारी कर रहा था।

छात्र, पुराना जवाहर नगर इलाके में एक मकान में कमरा किराए पर लेकर रह रहा था। छात्र ने सात दिन पहले ही कोटा आकर निजी कोचिंग में मेडिकल एन्ट्रैंस की तैयारी के लिए एडमिशन लिया था। जवाहर नगर थाने के सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल बैरवा का कहना है कि उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के मानपुर बरसाना निवासी 21 वर्षीय परशुराम पुत्र खचरमल के संबंध में बुधवार रात 11.30 बजे मकान मालिक अनूप कुमार ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

पुलिस उप अधीक्षक द्वितीय राजेश टेलर, थानाधिकारी जवाहर नगर हरिनारायण शर्मा सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। एफ.एस.एल. टीम को भी साक्ष्य एकत्रित करने के

- **मथुरा जिले के छात्र परशुराम ने सात दिन पहले ही मेडीकल एन्ट्रैंस परीक्षा की तैयारी के लिये निजी कोचिंग संस्थान में प्रवेश लिया था।**
- **जिस पी.जी. में आत्महत्या हुई वहां से किसी ने भी आत्महत्या रोकने की गेट कीपर ट्रेनिंग नहीं की थी। पी.जी. में हैंगिंग डिवाइस भी नहीं लगा हुआ था।**

लिए मौके पर बुलाया गया। इसके बाद मृतक के शव को फंदे से उतारकर एम.बी.एस. अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया है।

सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल बैरवा का कहना है कि मकान मालिक ने परशुराम को शाम को कपड़े सुखाते हुए देखा था लेकिन उसके बाद वह जब नजर नहीं आया तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया। छात्र ने दरवाज़ा नहीं खोला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। परशुराम ने आत्महत्या क्यों की, इस संबंध में कोई खुलासा नहीं हो पाया है।

कोटा में कोचिंग छात्र की आत्महत्या का इस साल में यह 12वां मामला है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। मृतक छात्र के परिजन कोटा पहुंच गए हैं। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने कोटा के हॉस्टल और पीजी संचालकों को निःशुल्क गेट कीपर ट्रेनिंग करवाई है।

यह गेटकीपर ट्रेनिंग सुसाईड रोकने में अहम भूमिका भी निभा रही है लेकिन जिस पीजी में सुसाईड हुआ है, वहां किसी ने भी गेट कीपर ट्रेनिंग नहीं की हुई थी।

इसके अलावा जिला प्रशासन ने सभी पीजी और हॉस्टल रूम में हैंगिंग डिवाइस लगाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इस पीजी रूम में पंखे में हैंगिंग डिवाइस भी नहीं थी। ऐसे में प्रशासन को पुलिस इस संबंध में पूरी रिपोर्ट भी भेजेगी।

# महाराष्ट्र की चुनावी सभा में राहुल गांधी अति आक्रामक हुए प्र.मंत्री मोदी के खिलाफ

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 सितम्बर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सिंधु दुर्ग में छत्रपति शिवाजी की मूर्ति गिरने के लिए ही माफी नहीं मांगनी चाहिए बल्कि नोटबंदी, किसान विरोधी बिल और जी.एस.टी. के लिए भी माफी मांगनी चाहिए। मोदी के महाराष्ट्र में होने सत्रहवी सदी के वीर योद्धा राजा के इस अपमान के लिए मोदी को महाराष्ट्र के हरेक नागरिक से माफी मांगनी चाहिए। ज्ञातव्य है कि 26 अगस्त को सिंधु दुर्ग में महाराजा शिवाजी की प्रतिमा गिर गई थी।

राहुल गांधी ने पार्टी नेता स्व. पतंगराव कदम की मूर्ति के अनावरण के दौरान जनता को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने से मुद्दे पर महाराष्ट्र की भाजपा-शिवसेना (शिंदे)-एन.सी.पी. सरकार के निशाने पर आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने

- **राहुल ने कहा शिवाजी की मूर्ति लगाए जाने में हुए भ्रष्टाचार के अलावा प्रधानमंत्री को नोट बंदी, जी.एस.टी. और किसान विरोधी कानूनों के लिए भी माफी मांगनी चाहिए।**

महाराष्ट्र यात्रा के दौरान कहा कि वे इस महान राजा, जो उनके आराध्य हैं, की मूर्ति टूटने व जनभावनाएं आहत होने के लिए माफी मांगते हैं।

गांधी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि वे इस किस बात की माफी मांग रहे हैं क्या इसलिए कि मूर्ति का ठेका आर.एस.एस. के आदमी को दिया गया था जिसमें उसकी योग्यता नहीं थी या फिर वे इसमें हुए भ्रष्टाचार के लिए माफी मांग रहे हैं?

मोदी को बताना चाहिए कि सारे ठेके अडानी और अंबानी को ही क्यों दिए जाते हैं और क्या वे सिर्फ दो लोगों के लिए ही सरकार चला रहे हैं?

प्रधानमंत्री मोदी ने किसान विरोधी कानूनों के लिए भी माफी नहीं मांगी है, जिन्हें बाद में भारी विरोध के कारण वापस ले लिया गया था।

राहुल ने कहा कि मोदी को नोटबंदी और जी.एस.टी. के लिए भी माफी मांगनी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा भाजपा जातिगत व्यवस्था को कायम रखना चाहती है और चुनाव आ गए, शिक्षण संस्थानों और कानूनी व्यवस्था तथा नौकरशाही पर कब्जा करके संविधान को खत्म कर देना चाहती है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में नियुक्ति के लिए एकमात्र योग्यता आर.एस.एस. से जुड़ा होना मात्र है। जातिगत जनगणना की मांग दोहराते हुए राहुल ने कहा कि इससे पता चलेगा समाज के विभिन्न वर्गों में कितने लोग हैं? तथा देश की समृद्धि और निर्णय क्षमता में उनकी कितनी भागीदारी है?

## धर्म के नाम पर वन भूमि का अतिक्रमण नहीं हो सकता-हाईकोर्ट

जयपुर, 5 सितंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा कि धार्मिक भावनाओं के आधार पर वन भूमि पर अतिक्रमण की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, सुदर्शन तीर्थ पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है।

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने जैन तीर्थ की याचिका खारिज कर 5 लाख रुपये का हर्जाना लगाया**
- **उच्च न्यायालय ने गैर मुमकिन पहाड़ के आवंटन से लिये आवेदन को भी गलत माना।**

अदालत ने तीर्थ की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि हर्जाना राशि में से दो लाख रुपए मामले में जनहित याचिका दायर करने वाले व्यक्ति शंकर लाल को दिए जाएं और शेष राशि राज्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा शिवाजी की मूर्ति स्टील से बननी चाहिए थी

## गडकरी ने यह भी कहा कि समुद्र तटों के आसपास जो भी निर्माण हो उनमें स्टील का ही उपयोग होना चाहिए क्योंकि उसमें जंग नहीं लगता, मैं तीन साल से इस पर ही जोर दे रहा हूँ

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 सितम्बर। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में राजकोट फोर्ट पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा के निर्माण में यदि स्टेनलैस स्टील का उपयोग किया होता तो वो गिरती नहीं। गडकरी ने यह भी कहा कि तटीय क्षेत्रों में "रस्ट रैज़िस्टैंट" (जंग प्रतिरोधी) उत्पादों का उपयोग किया जाना चाहिए।

26 अगस्त को मराठा स्टेट के प्रतिष्ठित संस्थापक की प्रतिमा गिरने के बाद राज्य में राजनीतिक वाद-विवाद छिड़ गया है। ऐसे समय में जबकि, महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

रोड ट्रांसपोर्ट एण्ड हाईवेज़ मिनिस्टर ने यहाँ एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले तीन वर्षों से वो जोर दे रहे हैं कि समुद्र के पास बनाए जाने वाले पुलों

- **गडकरी ने इस सम्बंध में एक घटना का जिक्र किया जब वे महाराष्ट्र में पी.डब्ल्यू.डी. मंत्री थे तब उन्होंने मुम्बई में 55 फ्लायओवर बनाए थे, तब एक नौसिखिया ने आयरन रॉड्स पर गन पाउडर लगाकर दावा किया कि अब इनमें जंग नहीं लगेगी, पर नतीजा क्या हुआ उनमें जंग लग गई।**
- **गडकरी ने सुझाव दिया कि समुद्र के समीप 30 किलोमीटर के दायरे में स्टेनलैस स्टील का ही प्रयोग किया जाना चाहिए।**

के निर्माण में स्टेनलैस स्टील का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने याद किया कि जब वो महाराष्ट्र के पी.डब्ल्यु.डी. मंत्री थे उस समय वो मुंबई में 55 फ्लायओवर बनवा रहे थे और एक व्यक्ति ने उन्हें मूर्ख बनाया था।

गडकरी ने बताया, उस व्यक्ति ने लोहे की सरियों पर किस प्रकार की कोटिंग लगा दी और कहा कि वो रस्ट प्रूफ (जंग रोधी) हैं। लेकिन, जंग लगी। मेरा मानना है कि समुद्र के पास 30 कि.मी. तक स्टेनलैस स्टील का उपयोग किया जाना चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के लिए यदि स्टेनलैस स्टील का उपयोग किया जाता तो वो कभी नहीं गिरती।"

महाराष्ट्र सिंधुदुर्ग जिले में पुलिस ने छत्रपति शिवाजी की मूर्ति गिरने के संबंध में ठेकेदार जयदीप आप्टे के विरुद्ध "लुक आउट सर्कुलर" (एल.ओ.सी.) जारी किया है। आप्टे को देश से बाहर भागने से रोकने के लिए एयरपोर्ट तथा सभी अन्य निकासी के मार्गों पर एल.ओ.सी. जारी की गई है।

ठाणे के मूर्तिकार, आप्टे ने प्रतिमा बनाने का ठेका पूरा किया था। तथापि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन के नौ महीनों के अंदर ही, 26 अगस्त को प्रतिमा गिर जाने के बाद मालवान पुलिस ने आप्टे तथा स्ट्रक्चरल कन्सलैंटर चेतन पाटिल के विरुद्ध लापरवाही तथा अन्य अपराधों पर केस दर्ज किया है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि, पाटिल को कोल्हापुर से गिरफ्तार किया गया है, जबकि आप्टे की तलाश जारी है और मालवान पुलिस ने उसके विरुद्ध एन.ओ.सी. जारी की है।

इसी बीच, बुधवार को पुणे में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड प्रकरण के आरोपी को जमानत मिली

जयपुर, 5 सितंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड प्रकरण में रेकी करने के आरोप में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे आरोपी मोहम्मद जावेद को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर

- **अधिवक्ता का तर्क था कि एन.आई.ए. ने बिना ठोस साक्ष्य, केवल कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी बनाया है।**

भटनागर ने यह आदेश आरोपी की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सआदत अली ने अदालत को बताया कि नैशनल इन्वैस्टिंग एजेन्सी (एन.आई.ए.) ने बिना किसी ठोस साक्ष्य अपीलार्थी को केवल कॉल डिटेल के आधार पर मामले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन ने चुपचाप, बिना किसी हो हल्ला के डैंग शिपिंग का 120 वां जन्म दिन मनाया

## नरसिम्हा राव की भांति डैंग को भी लंबे समय तक राजनीतिक सन्यास झेलना पड़ा था

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 सितम्बर। चीन ने हाल ही में आधुनिक चीन के निर्माता, डैंग शिपिंग की 120वीं जन्म शताब्दी मनाई है। माओ त्से डाँग ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना जो पी.पी.सी. के नाम से विख्यात है, का गठन किया था तथा देश में सदियों से व्याप्त परिपाटियों और अंधविश्वासों को खत्म कर दिया था वो कम्युनिस्ट चाइना के निर्माता थे। लेकिन माओ ने भारी ज्यादातियाँ की थीं तथा उनके सनकी विचारों की भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।

माओ की मृत्यु के बाद, वो डैंग शिपिंग ही थे जिन्होंने माओ की महंगी और भारी गल्तियों से देश को बचाया।

भारतीय राजनेताओं में डैंग की यदि किसी से बराबरी की जा सकती है तो वो हैं पी.वी.नरसिम्हा राव। दोनों को ही अपने जीवन में लंबे समय का राजनीतिक वनवास झेलना पड़ा था। लेकिन उनका सूर्य तब चमका जब उन्हें रिटायरमैंट से बाहर खींचकर लाया गया और वो ऐसे शिखर पहुँचे जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी।

डैंग शिपिंग और राव ने अपने राजनीतिक करियर के अंतिम चरण में अपने देशों को बदलकर रख दिया, जिसने अपनी अमिट छाप छोड़ी तथा उनके देशों को बेहतरी की तरफ ले गये।

अब, वर्तमान में चीन के सुप्रीम लीडर, शी जिनपिंग एक मॉडर्नाइज़र के रूप में डैंग शिपिंग विरासत पर अपना दावा कर रहे हैं प्रभावी रूप के शी, डैंग के विपरीत दिशा में जा रहे हैं। डैंग

- **पर दोनों का स्वर्णिम काल तब आया जब उन्हें रिटायरमैंट के बाद बुलाकर प्रधानमंत्री/राष्ट्रपति बनाया गया और वे अपने देश को उस शिखर पर ले गए, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी।**
- **डैंग ने भी राव की भांति देश की अर्थव्यवस्था में भारी सुधारवादी परिवर्तन किए, जिनका लाभ चीन अभी तक उठा रहा है।**
- **पर डैंग का जन्मदिन चुपचाप इसलिए मनाया गया, क्योंकि, वर्तमान राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने डैंग की उदारवादी इकॉनमी को विश्व के लिए खोलने जैसे परिवर्तनों को बदल दिया है।**
- **शी, बेवजह सभी सीमाओं पर आक्रामक नीति अपनाए हुए हैं और अपनी सैन्य ताकत के बल पर विश्व पर छाना चाहते हैं। अतः डैंग और उनका सोच इस समय चीन में ज्यादा फैशन में नहीं है।**

शिपिंग, को उनकी छोटी कद काठी के बावजूद "पॉलिटिकल जायंट" कहा जाता है। इसके विपरीत शी जिनपिंग ने डैंग के सुधारों को कई क्षेत्रों में खत्म कर दिया है। अंततः ऐसा लगता है मानो शी की विरासत किसी भी तरह से डैंग की विरासत का मुकाबला नहीं कर सकती। डैंग ने चीन में मूल परिवर्तन किए, समाज तथा अर्थव्यवस्थ, दोनों में।

डैंग शिपिंग की खुली मानसिकता फ्रांस की देन हो सकती है जहाँ उन्होंने अपने जीवन के कुछ उन्होंने अपने जीवन के कुछ प्रांरभिक वर्ष बिताए थे। वो, होनहार युवाओं को मॉडर्न इन्डस्ट्रियल टैक्नॉलोजी में प्रशिक्षित करने के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे। उन्होंने फ्रांस की छोटी फैक्टरियों में काम किया था तथा उन्होंने प्राइवेट सैक्टर इकॉनमी तथा उससे जुड़ी अनिश्चितताओं को देखा व समझा था।

सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि फ्रांस में ही वो जाओ एनलाई के करीबी संपर्क में आए, जिनके साथ वो, जाओ एनलाई की मृत्यु तक, जीवन भर जुड़े रहे, कभी-कभी गुप्त रूप से भी माओवादी शाजन के दौरान माओ था

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पुराने एम.आर.ई.सी. परिसर में बहुमंजिला बिल्डिंग की योजना नहीं, याचिका खारिज

जयपुर, 5 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने गांधी नगर स्थित पुराने एम.आर.ई.सी. परिसर में मास्टर प्लान के विपरीत बहुमंजिला इमारत के निर्माण को लेकर लिए गए स्वप्रेरित

- **महाधिवक्ता ने कहा कि यदि भविष्य में सरकारी अधिकारियों के आवास के लिये बहुमंजिले भवन का प्रस्ताव बनाया गया तो उसे विधि अनुसार, मास्टर प्लान के हिसाब से सक्षम अधिकारी की अनुमति लेने के बाद ही बनाया जायेगा।**

प्रसंज्ञान पर सुनवाई को बंद कर दिया है। अदालत ने कहा कि मामले में किसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK CMYK

## विचार बिन्दु

**नम्रता पत्थर को भी मौन कर देती है। –प्रेमचन्द**

# बुलडोजर जस्टिस अर्थात न्याय का नया रूप

एक युग था, जब आँख फोड़ने पर व्यक्ति को उसकी आँख फोड़ने की सजा दी जाती थी। Eye for Eye का युग था। बर्बरता का युग था। यों जान से मारने पर मृत्यु दण्ड यानी फांसी की सजा शायद आज भी बर्बरता के युग की निशानी मौजूद है। नया युग प्रारम्भ हुआ Universal Declaration of Human Rights,1948 से। इसे और अधिक मानवीय बनाया अन्तर्राष्ट्रीय सन्धि International Covenant on Civil and Political Rights, 1966 तथा उसके प्रोटोकॉल्स ने भारत इस संधि का हस्ताक्षर कर्ता है। इस संधि के पार्ट ||| के अनुच्छेद 6 में यह निर्देश है कि "Nothing in this article shall be invoked to delay or prevent the abolition of capital punishment by any State to the present covenant" इसका अर्थ है फांसी की सजा बन्द होना चाहिये और जब तक कानून से फांसी बंद न हो, राष्ट्रपति अथवा गवर्नर को फांसी की सजा को Communate करने का अधिकार संविधान में दिया है इस बाबत प्रत्येक देश का ध्यान, Second optional protocol to the International Covenant on Civil and Political Rights dated July11S 1991 की ओर आकर्षित करना चाहूँगा। जहां पर मृत्यु दण्ड को समाप्त करने पर निर्देश है। Every State shall take all necessary measures to abolish the death penalty - Article 1(2)

इंग्लैण्ड में लगभग 100 वर्ष पूर्व महिला कर्मचारी के चम्मच की अथवा ब्रेड की चोरी पर फांसी की सजा का प्रावधान था। फांसी की सजा पब्लिक में दी जाती थी। एक बार फांसी की सजा की जो रिपोर्ट हाउस ऑफ लॉर्डस को भेजी गई, उसमें यह उल्लेख किया गया कि जब फांसी की सजा दी जा रही थी उस समय कई लोगों की जेब कटीं थीं। हाउस ऑफ लॉर्डस ने आदेश दिया कि चूंकि फांसी की सजा का कोई भय (डेटेरेन्ट असर) जनता पर नहीं है अतः उसे बंद किया जावे। जब से वहां फांसी की सजा बंद हो चुकी है।

ममता रेप के लिये फांसी की सजा के लिये विधान सभा में बिल लाने जा रही है। दुष्कर्म के दोषी को 10 दिन में फांसी दी जावेगी। प्रश्न है उपरोक्त संधि के संदर्भ में क्या ऐसा कानून हो सकता है? इसके अतिरिक्त कानून यह है कि केन्द्र से भिन्न राज्य का कानून नहीं हो सकता।

वर्तमान युग मानव अधिकारों का है। भारत का अपना एक संविधान है। जिसमें यह घोषणा की गई है, यहां के नागरिकों को मूल अधिकार प्राप्त होंगे, जिन्हें Political Rights के रूप में समझा जाता है और सरकार का कर्त्तव्य होगा कि वह जनता को Social, Economical व Political न्याय दे। संविधान के चेप्टर ||| में मूल अधिकार व चेप्टर IV में नीति निदेशक तत्वों के रूप में उक्त घोषणा को स्पष्ट किया गया है।

यहाँ यह लिखना समीचीन होगा कि हमारे संविधान में जो मूल अधिकार और स्टेट के कर्त्तव्य दिये हैं वे सब लगभग वही हैं जो मानव अधिकारों के नाम से जाने जाते हैं। मानव अधिकार कोर्टस् में प्रवर्तनीय हैं अतः मूल अधिकार व नीति निदेशक तत्व स्टेट के कर्त्तव्य भी कोर्ट में प्रवर्तनीय हैं।

हमारे संविधान उपरोक्त वर्णित अन्तर्राष्ट्रीय संधि व UDHR सभी एक स्वर से घोषणा करते हैं कि "Everyone has the right to life, liberty and security of person" तथा "No one shall be held guilty of any penal offence on account of any act or omission which did not constitude a penal offence, under national or international law, the time when it was committed (UDHR, Article 13(2) and Article 15 of the International Covenant, 1966" वर्तमान में Unlawful Activities (Prevention) Act के PMLA केस देश की सुरक्षा, एकता और अखण्डता के लिये चुनौती बने हुये हैं। देश में महिलायें व बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। बलात्कार की घटनायें प्रतिदिन हो रही हैं, ऐसा मालूम होता है कि मनुष्य ने शैतान का रूप धारण कर लिया है। भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है यहां रेप की 90 घटनायें प्रतिदिन होती हैं। कलकत्ता में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और बाद में उसकी निर्मम हत्या ने देश को झकझोर दिया है। यह सच है देश ने ऐसे मामलों में फांसी की सजा का प्रावधान कानून में दिया है, किन्तु ऐसा प्रतीत होता है फांसी की सजा का कोई भी डेटेरेन्ट प्रभाव नहीं है।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने जनता को त्वरित न्याय के रूप में 'बुलडोजर जस्टिस' के नाम से न्याय करने की इस नई प्रक्रिया प्रारम्भ की है। इसमें अपराध करने वाले व्यक्ति ने यदि मकान बिना अनुमति के बनाया है तो उसे नगरपालिका के कानून के तहत् नोटिस देकर बुलडोजर से तोड़ा जाता है। बुलडोजर जस्टिस वस्तुतः न्याय की अभिव्यक्ति की व्यंजना है। जनता ने इसे पसन्द किया है। अनाधिकृत तामीर को तोड़ने का जनता ने गाजे बाजे से पसन्द किया है। कुछ लोगों ने बुलडोजर जस्टिस को Due Process of Law के कानून के विरूद्ध माना है। एक हाईकोर्ट (झारखण्ड हाईकोर्ट) ने मकान तोड़ने के फलस्वरूप हर्जा भी दिलाया है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पीआईएल में इस बाबत निर्णय नहीं दिया जा सकता है जो सभी व्यक्तियों पर बाध्यकारी हो। अधिकांश केस वे हैं, जहां किसी व्यक्ति ने सरकारी जमीन, फुटपाथ, पर अनाधिकृत कब्जा किया है और अवैध निर्माण हुआ है अथवा अवैध रूप से अर्जित धन से सम्पत्ति बनाई है। सुप्रीम कोर्ट ने भी उ्ल इ्देमे से ऐसे अवैध निर्माण को तोड़ने में कोई रोक नहीं लगाई है।

> **उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने जनता को त्वरित न्याय के रूप में 'बुलडोजर जस्टिस' के नाम से न्याय करने की इस नई प्रक्रिया प्रारम्भ की है। इसमें अपराध करने वाले व्यक्ति ने यदि मकान बिना अनुमति के बनाया है तो उसे नगरपालिका के कानून के तहत् नोटिस देकर बुलडोजर से तोड़ा जाता है। बुलडोजर जस्टिस वस्तुतः न्याय की अभिव्यक्ति की व्यंजना है। जनता ने इसे पसन्द किया है।**

सन् 2020 में गेंग लीडर विकास दुबे और इसी प्रकार एमएलए मुख्तार अंसारी के मकान पर जो बिना अनुमति के बना था बुलडोजर चलाया गया। एक मुस्लिम युवक को महाकाल के जुलूस पर थूकने के फलस्वरूप उसे लगभग 6 माह जेल में रहना पड़ा, बाद में उसकी जमानत हाईकोर्ट ने दी। बुलडोजर जस्टिस की घटनायें दिल्ली की जहानगिरी, मध्यप्रदेश के खरगौन में, उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में हुई जो अखबार की सुर्खियों में छाई रहीं। यहां जनता ने बुलडोजर जस्टिस का स्वागत किया तो कानून विशेषज्ञों ने इसे क्रूर, अवैध, अन्याय पूर्ण माना है। नूह (पंजाब) की घटना की तीव्र आलोचना की गई। जिन नेताओं ने इसका प्रारम्भ किया उन्हें 'बुलडोजर बाबा' अथवा 'बुलडोजर मामा' कहा गया है और कुछ दिन पूर्व ही रेवन्त रेड्डी को डिमोलिशन मैन कहा गया है।

बुलडोजर जस्टिस को जहां जनता ने धूम धाम से स्वीकार किया वहीं ऐसी प्रक्रिया के विरूद्ध आलोचना भी की गई। कानून विद्जनों का मानना है कि इस प्रकार की घटनाओं में राज्य स्वयं जज, जूरी व Executor बन जाता है। अभियुक्त को बिना Fair Trial के सजा नहीं दी जा सकती। बुलडोजर जस्टिस को Rule of Law व जस्टिस सिस्टम को चुनौती बतलाया।

सभी राज्यों में नगर पालिकायें हैं और नगर पालिकायें अधिनियम है। ये नगर पालिकायें Institution of Self government के रूप में कार्य करती हैं। इनका कार्य संविधान के पार्ट XA के अनुरूप होता है। कानून के अनुसार प्रत्येक नागरिक को मकान बनाने के लिये अनुमति लेनी होती है। जो नागरिक बिना अनुमति के निर्माण करते हैं उनका मकान कारण बताओ नोटिस देने के बाद तोड़ा जा सकता है। योगी ने कहा था, नोटिस देने के बाद ही बुलडोजर चलाया जाता है। अपराध घटित होता है, उसके लिये आरोपी के विरूद्ध फौजदारी मुकदमा चलता है, ट्रायल में समय लगता है। ऐसे व्यक्ति ने यदि मकान बिना अनुमति के बनाया है तो उस मकान को तोड़ा जा सकता है। फौजदारी मुकदमा तय होने में समय लगेगा। मकान तोड़ने की प्रक्रिया शीघ्र की जा सकती है। इस प्रक्रिया को पूर्णरूप से कानूनानुसार किया जा सकता है। मकान तोडने से पहले 'शो कोज नोटिस' भेजा जावे आरोपी को सुना जावे और बाद मकान पर बुलडोजर चलाया जावे। जनता ने बुलडोजर जस्टिस को अंगीकार किया है, अवैध निर्माण को तोडने पर जश्न मनाया है। इसे त्वरित न्याय का अर्थात् त्वरित सजा देना मानना चाहिये। जो अपराध हुआ है उसकी सजा तो उसे अलग से मिलेगी। बुलडोजर जस्टिस तो जनता द्वारा दिया गया अतिरिक्त न्याय है।

बुलडोजर जस्टिस अर्थात् बुलडोजर द्वारा अवैध निर्माण को तोडने की कार्यवाही विधि के अनुसार नोटिस देकर की जानी चाहिये। आरोप के आधार बुलडोजर चलाना गलत है। यह सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 2.9.2024 की कार्यवाही में कहा है।

महिलाओं व छोटी उम्र की अबोध बालिकाओं के साथ बलात्कार करने और बाद में निर्मम कत्ल करने की घटनायें बढ़ती जा रही हैं, जिनके लिये संसद के कानून में फांसी की आजन्म कारावास की सजा का प्रावधान है, फिर भी इसका डेटेरेन्ट (निरोधक) असर नहीं है, ऐसी स्थिति में दण्ड देने के प्रावधान को कोई आंच नहीं पहुंचाये, यदि जनता की पीड़ा को कुछ कम करने के लिये बुलडोजर जस्टिस की कार्यवाही की जाती है तो इसमें आपत्ति क्यों? जनहित में मृतक के परिजनों की पीड़ा हरने वाला बुलडोजर जस्टिस एक सशक्त मलहम ही तो है। उपरोक्त संधि के अनुसार यदि मृत्यु दण्ड दिया जाना अमानवीय है तो सर्वोच्च न्यायालय ने वैकल्पिक सजा क्या होगी, इस पर निर्णय देना है अथवा संसद को कानून बनाना होगा।

बलात्कारी, भ्रष्टाचारी, सार्वजनिक सम्पत्ति की तोडफोड़ करने और हिंसा की गतिविधियों में लिप्त देश के नागरिक समाज के दुश्मन हैं। जो व्यक्ति (नागरिक) अनुच्छेद 51क में दिये गये कर्त्तव्यों की पालना नहीं करता है, वे अधिकार समाप्त करने चाहिये, जो संविधान उसे देता है। ऐसे व्यक्तियों को चुनाव लडने से वंचित किया जाना चाहिये। उनकी सम्पत्ति भी जब्त की जावे। ऐसे व्यक्ति ने यदि अपना घर बिना अनुमति के बनाया है तो उसे कानून की प्रक्रिया और प्राकृतिक न्याय की पालना करते हुये, बुलडोजर से तोड़ा जा सकता है। जो अपराध उसने किया है, उसकी सजा तो देश का न्यायालय देगा ही, किन्तु न्याय हो रहा है, इसे अभिव्यक्ति देने के हेतु बुलडोजर जस्टिस दिया जावे। यह त्वरित न्याय जनता के गुस्से को शान्त करेगा। राज्य सरकार, नगरपालिका अथवा पंचायत यह न्याय दे सकती हैं, ऐसा करना अपराध नहीं है।

बुलडोजर न्याय के विरूद्ध एक याचिका सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सुनवाई हेतु प्रेषित हुई है, आशा की जा सकती है कि माननीय न्यायालय इस बाबत निर्देशनों की संहिता जारी करे जैसी विशाका के केस में भी दी गई थी। त्वरित न्याय समय की पुकार है, दुष्कर्म Unlawful Activities Prevention Act व मनी लॉन्ड्रिंग कानून आदि के केसों का निर्णय 6 माह में हो। इनकी प्रक्रिया सरल हो।

**''भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं - राष्ट्रपति मुर्मू''**

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# पेपर लीक-पेपर लीक, शोर घणा-सत्ता के आकांक्षी दलों के पास, समाधान के नाम पर ठनठन गोपाल



महावीर सिंह

23-11-2023 को राष्ट्रदूत में उपरोक्त टाइटल से एक लेख छपा था। वह समय चुनाव का था। वर्तमान शासक दल और वर्तमान विपक्ष सत्ता प्राप्ति के लिए हर प्रकार के जुमले, आश्वासन उछाल रहे थे। तत्त समय वर्तमान शासकीय दल के पास एक बड़ा मुद्दा था। कांग्रेस हर प्रकार के स्पष्टीकरण दे रही थी, की गई कठोर कार्यवाही, गिरफ्तारियों की, कानून में बदलाव की बातें छाती फुला-फुला कर भाषणों में कह रही थी।

उस समय भी इस लेखक का आकलन था कि दोनों ही पार्टियों के पास समस्या की जड़ का समाधान शायद ही हो। जो भी पार्टी सत्ता में आएगी केवल कुछ गिरफ्तारियां आदि करके इस समस्या के समाधान की इतिश्री मान लेंगे। अब मैं पुराने लेख के कुछ अंशों का उल्लेख करूंगा:-

1. प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर्स के लीक पर, अपने-अपने पक्ष में, 25 नवम्बर, 23 को मतदान के लिए अपील करने वाली दोनों बड़ी पार्टियों नें कोई मानने योग्य संतोषप्रद समाधान नहीं बताया।

2. परीक्षाओं में और विशेषतः प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक से हजारों हजार नौजवान दुष्प्रभावित होते है। सरकारों के पास विधान सभाओं में बहुमत होता है सो ज्यादा चिल्लापो होने पर सख्त सजा देने के कानून का लोलीपोप पकड़ा दिया जाता है। ज्यादा शोर हुआ तो एस आई टी के गठन की घोषणा कर दो जाती है।

3. इस प्रकार के कदमों से दोषी, अगर सिफारसी नही हुआ तो देर-सवेर उसे सजा भी मिल जाएगी। किसी-किसी का घर बुलडोजर चला कर ढहा दिया जाएगा। किन्तु इस से लाखों लोग जो एक सरकारी नोकरी की आशा मे परीक्षाओं में बैठे थे, उन्हें न्याय मिल जाएगा?

4. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड जैसी संस्थाओं से पेपर लीक जोते हैं तो मर्ज कुछ ओर है व दवा कुछ ओर दी जा रही है। इन संस्थाओं के पेपर सामान्य परिस्थितयों में तब लीक तक नही हो सकते जब तक इन संस्थाओं के शीर्ष अधिकारी व सरकार द्वारा लगाए अध्यक्ष, सदस्यों की मिली भगत अथवा अक्षम्य निष्क्रियता अथवा पूर्णतः अयोग्यता न हो।

25 नवम्बर को वोट की देने की आकांक्षा रखने वाली किसी पार्टी नें यह नही बताया कि इन संस्थाओं में होने वाली नियुक्तियों को कैसे पारदर्शी व पूर्णतः योग्यता के अधनर पर लगाए जाएंगे।

5. होता यह है कि जो भी मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल के प्रभावशाली मंत्री अपने मर्जिदानों को इन पदों पर पारदर्शिता और योग्यता के पैमानों को पूर्णतः धत्ता बताते हुए लगाते है। पिछले 5,10 साल में जो सदस्य-अध्यक्ष आदि लगे है, उन पर विचार करले यह स्वतः स्पष्ट हो जाएगा।

**सुझाव जो दिए गए सरकार::-**

सरकार चाहे तो इन नियुक्तियों में पारदर्शिता व योग्यता लाई जा सकती जी बशर्ते सरकार में निर्णय करने वाले अपने अयोग्य मर्जिदानों को थोंपने का ईमानदारी से मोह त्यागे।

**इसके लिए प्रथम काम होगा-**

-नियुक्ति से पहले विभिन्न सरकार महकमों से, स्वायत्तशासी संस्थाओं से, रेपुटेड प्राइवेट संस्थानों से अनुभवी, योग्य, ईमानदार लोगों के नाम एकत्र करे। इस प्रकार जो भी नाम आएं उनको सार्वजनिक कर, जनता से राय मांगी जाए कि इन लोगों के विरुद्ध चरित्र, निष्ठा आदि से सम्बंधित कोई प्रतिकूल जानकारी हो तो बताएं। इस प्रकार की कोई दूसरी अच्छी बेहतर प्रक्रिया सरकार के मंत्रीगण, आला अफसरान सरकार के सामने रखें तो उसे अपनाया जाए।


इसके पश्चात एक हाईपावर कमेटी इनमें से 20-30 नामों को शॉर्टलिस्ट करे और मंत्री मंडल के समक्ष रखे।

ओर अंत में बात उचित लगती है कि की विश्वसनीयता पूर्णतः खत्म हो गई है। इसे तत्काल भंग किया जाए। नवयुवकों-युवतियों में विश्वास जगाने के लिए की जांच का दायर कुछ बढ़ाएं। अन्य दूसरे सदस्यों से भी पूछताछ क्यों न कि जाए? माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के एक पूर्व अध्यक्ष का इस्तीफ़ा लेकर ही काम की इतिश्री क्यों मान ली?

उनसे व अन्य संलिप्त सदस्यों, अधिकारियों व काम में लगे कार्मिकों से गम्भीर पूछताछ की जाए और पेपर लीक के घिनोने कृत्य में लगे सारे लोगों को सजा मिले। वैसे अजमेर की गलियों में आम चर्चा रहती है कि इन संस्थाओं में कैसे-कैसे क्या-क्या सेटिंग्स होती हैं? सारी बातें सही न हों, किन्तु जांच के कुछ न कुछ लीड तो मिल ही सकती है। इन में से नियुक्ति हो। 100 प्रतिशत पेपर लीक रुकने की गारंटी तो कोई नहीं ले सकता किन्तु ऐसी बहुत ही कम घटनाएं होंगी और मिलिभगत कर पेपर लीक के शक की सुई संस्थाओं की तरफ नहीं घूमेगी।

**–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# हिन्दू-मुसलमानों की एकता के प्रतीक एवं वंचित समाज के मसीहा "लोक देवता रामसापीर"



डॉ. जे. के. गर्ग

विक्रम संवत 1409 की भादवा शुक्ल दूज के दिन पश्चिम राजस्थान के पोकरण शहर के नजदीक रुणिचा नामक स्थान के शासक अजमल के घर बाबा रामदेव का अवतार हुआ था। राजस्थान के जन जन के मसीहा पांच पीरों में बाबा रामसा पीर का प्रमुख स्थान है। बाबा रामदेव तंवर राजपूत थे जिसे मान्यताओं के मुताबिक भगवान विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाता है। मान्यताओं के मुताबिक राजा अजमल ने पुत्र प्राप्ति हेतु दान पुण्य और अनेकों यज्ञ किय। द्वारकाजी में अजमल जी को भगवान के साक्षात दर्शन हुए तब राजा अजमल ने उनसे उनके घर में उनके पुत्र के रूप में जन्म लेने की याचना की तब भगवान द्वारकानाथ ने राजा अजमल से कहा– 'मैं तुम्हे वचन देता हूँ कि तुम्हारा पहला बेटा वीरमदेव होगा और दूसरे बेटे के रूप में मै खुद तुम्हारे आपके घर आउंगा।'

भगवान ने यह भी कहा कि–'जब मैं अवतरित होउगां तब उस रात आपके राज्य के जितने भी मंदिर है उसमें घंटियां अपने आप बजने लग जायेगी, महल में जो भी पानी होगा वह दूध में बदल जाएगा तथा मुख्य द्वार से जन्म स्थान तक कुमकुम के पैर नजर आयेंगे वहीं आकाशवाणी भी सुनाई देगी और मैं रामदेव जी के नाम से प्रसिद्ध हो जाऊँगा।' कहा जाता है कि श्री रामदेव जी के जन्म लेते ही ऐसी सभी चमत्कारिक घटनाएं घटित हुई। समय के साथ-साथ बाबा रामदेव जी की प्रसिद्धि भारतवर्ष के साथ दुनिया के अनेकों देशों में फैल गई। बाबा रामदेव जी से प्रभावित होकर उस समय के हजारों हिन्दू जो मुसलमान बन गये थे पुनः हिन्दू धर्म में परिवर्तित होने लगे।

रामदेव जी के बचपन की कई अद्भुत घटनायें है। लोकदेवता रामदेव जी के चमत्कारी परचे प्रचलित है। जन– जन के सेवक और उनके कष्टों को मिटाने वाले रामसापीर रामदेवजी ने राजा बनकर नही अपितु जनसेवक बनकर गरीबों, दलितों, असाध्य बीमारियों से पीड़ित रोगियों व जरुरतमंदों की हर सम्भव से सहायता और सेवा की। उनकी दया के पात्र हिन्दुओं के साथ मुस्लिम भी होते थे। इतिहासकार मुंहता नैनसी के मारवाड़ रा परगना री विगत नामक ग्रंथ में एक अद्भुत घटना का उल्लेख किया था, जिसके अनुसार पोकरण के अंदर नरभक्षी राक्षस भैरव ने आतंक मचा रखा था। बाबा के गुरु बालीनाथ जी के तप से यह राक्षस डरता था, किंतु फिर भी इसने इस क्षेत्र को जीवरहित कर दिया था। अंत में बाबा रामदेवजी बालीनाथजी के धूणे में गुदड़ी में छुपकर बैठ गए। जब भैरव राक्षस आया और उसने गुदड़ी खींची तब अवतारी रामदेवजी को देखकर वह अपनी पीठ दिखाकर भागने लगा और कैलाश टेकरी के पास गुफा में जा घुसा। वहीं रामदेवजी ने घोड़े पर बैठ उसका वध कर दिया।

रानी नेतल को पर्चा दिया था। सिरोही निवासी एक अंधे साधु को परचा दिया था। रामापीर का प्रसिद्ध मेला उत्तर भारत में धूमधाम गाजेबाजे के साथ हर साल दस दिन भाद्रपद शुक्ल 2 से भाद्रपद शुक्ल 11 तक मनाया जाता है इस वर्ष यह मेला 5 से 13 सितंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। राजस्थान से ही नहीं गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से भी हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं। रामदेवरा मेला में हज़ारों भक्त दूर-दूर से बड़े-बड़े समुहों में नाचते गाते, भजन-कीर्तन करते हुये पैदल, बसों, कारों, बेलगाड़ियों, ट्रेक्टर या अन्य साधनों से आते है। मुसलमानों के मसीहा लोक देवता रामदेव जी रामदेव पीर, रामसा पीर, के नामों से जाने जाते हैं।

निसंदेह रामदेवजी का मन्दिर हिन्दू और मुसलमानों की आस्था का केंद्र है और हिन्दुस्तान की गंगा-जमुना साँझा संस्कृति की अद्भुत मिशाल पेश करता है इस पवित्र जगह को साम्प्रदायिक सद्भाव संगम स्थल भी कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। विक्रम संवत 1409 की भादवा शुक्ल दूज के दिन पश्चिम राजस्थान के पोकरण शहर के नजदीक रुणिचा नामक स्थान के शासक अजमल के घर बाबा रामदेव का अवतार हुआ था। राजस्थान के जन जन के मसीहा पांच पीरों मे बाबा रामसा पीर का प्रमुख स्थान है। बाबा रामदेव तंवर राजपूत थे जिसे मान्यताओं के मुताबिक भगवान विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाता है।

संवत् 1442 में अपने हाथ में श्रीफल लेकर अपने सारे बुजुर्गों को प्रणाम किया, सभी उपस्थित भक्तों ने पत्र पुष्प चढ़ाकर रामदेव जी का श्रद्धा से अन्तिम पूजन किया। रामदेव जी ने समाधी में खड़े होकर सब के प्रति अपने अन्तिम उपदेश देते हुए कहा प्रति माह की शुक्ल पक्ष की दूज को पूजा पाठ, भजन कीर्तन करके पर्वोत्सव मनाना, रात्रि जागरण करना। प्रतिवर्ष मेरे जन्मोत्सव के उपलक्ष में तथा अन्तर्ध्यान समाधि होने की स्मृति में मेरे समाधि स्तर पर मेला लगेगा। मेरे समाधी पूजन में किसी से भेदभाव मत रखना। मैं सदैव अपने भक्तों के साथ रहुँगा ऐसा कहकर रामदेव जी महाराज ने समाधि ले ली। रामदेव मन्दिर मंदिर के समीप ही स्वयं रामदेव जी द्वारा खुदवाई गई परचा बावड़ी अपनी स्थापत्य कला में बेजोड़ है। इस बावड़ी का निर्माण फाल्गुन सुदी तृतीया विक्रम संवत् 1897 को पूर्ण हुआ।बावड़ी का निर्माण रामदेव जी के कहने पर बाणिया बोयता ने करवाया था। इस बावड़ी का जल रामदेवजी का अभिषेक करने के काम में लाया जाता है। रामदेवरा मंदिर बीकानेर के महाराजा श्री गंगा सिंह जी ने रामदेवजी के वर्तमान मंदिर का निर्माण सन् 1939 में करवाया था, उस वक्त इसके निर्माण पर 57 हजार रुपये व्यय हुए थे। रामदेवरा मंदिर अपने आप में अनोखा है क्योंकि यहाँ बाबा रामदेव की मूर्ति भी है और मजार भी। रामदेवरा मंदिर में आस पास के श्रद्धालुओं के साथ-साथ राजस्थान के दूरदराज एवं गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश आदि प्रान्तों के हजारों श्रद्धालु भी आते हैं। पैदल यात्रियों के समूह मेले के दिन से बहुत पहले से बाबा की जयकार करते हुये, भजन कीर्तन करते हुए बाबा के दर्शन करने और मनोती मांगने पहुचते है। यहां मंदिर में नारियल, पूजन सामग्री और प्रसाद की भेंट चढाई जाती है। मेले के दौरान बाबा के मंदिर में दर्शन के लिए चार से पांच किलोमीटर लंबी कतारें लगती हैं। निसंतान दम्पत्ति कामना से अनेक अनुष्ठान करते हैं तो मनौती पूरी होने वाले बच्चों का झडूला उतारते हैं और सवामणी करते हैं। रोगी रोगमुक्त होने की आशा करते हैं तो दुखी आत्माएं सुख प्राप्ति की कामना। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सैकड़ो श्रद्धालु पहले जोधपुर में बाबा के गुरु के मसूरिया पहाड़ी स्थित मंदिर में भी दर्शन करना नहीं भूलते हैं और उसके बाद जैसलमेर की तरफ रामदेवरा मन्दिर की तरफ कूच करते हैं। बहुत से लोग रामदेवरा में मन्नत भी मांगते हैं और मुराद पूरी होने पर कपड़े का घोड़ा बनाकर मंदिर में चढ़ाते हैं। निसंदेह रामदेवजी का मन्दिर हिन्दू और मुसलमानों की आस्था का केंद्र है और हिन्दुस्तान की साँझा संस्कृती की मिशाल पेश करता है।

**–डॉ. जे.के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# पानी को लेकर महिलाओं ने जाम लगाया

**पाटन,** (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर चार में कई दिनों से चल रही पेयजल किल्लत को लेकर परेशान महिलाओं ने गुरुवार को राजकीय अस्पताल के सामने पाटन-डाबला रोड पर जाम लगा दिया। सड़क पर बैठी महिलाएं विरोध प्रदर्शन कर पीने के पानी की मांग कर रही थी। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

महिलाओं का कहना है कि हमारे यहां पानी की पाइप लाइन नहीं डाली गई है, जिस कारण पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिनों पूर्व भी हमने विरोध प्रदर्शन किया था, जिस पर पाटन सरपंच ने पेयजल की समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिया था, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। मजबूरन हमें सड़क पर उतरना पड़ रहा है, जब तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हो जाता, हम यहां से नहीं हटेंगे। पाटन सरपंच मनोज चौधरी ने बताया कि वार्ड नंबर चार में पानी की पाइप लाइन डलवा दी गई है। उसको चालू भी कर दिया है, लेकिन कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच पाया वहां भी जल्द ही व्यवस्था करवा देंगे।

> **■ महिलाओं ने कहा है कि जब तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हो जाता, हम यहां से नहीं हटेंगे**



पेयजल किल्लत को लेकर परेशान महिलाओं ने पाटन-डाबला रोड पर जाम लगा दिया।

## राशिफल शुक्रवार 6 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, हस्त नक्षत्र प्रातः 9:25 तक, शुक्ल योग रात्रि 10:15 तक, गर करण दिन 3:02 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:01 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज राजयोग दिन 9:25 से दिन 3:02 तक है। रवियोग दिन 9:25 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 4:20 से आरम्भ होगी। आज हरितालिता तीज, व्रत, मन्वादि, रोट तीज (दिगम्बर जैन), वराह जयन्ती है। आज कलंक चतुरथी है। आज चन्द्र दर्शन निषेध है। चन्द्रस्त जयपुर में रात्रि 8:26 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:45 तक, लाभ-अमृत 7:45 से 10:32 तक, शुभ 12:25 से 13:58 तक, चर 5:05 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:12, सूर्यास्त 6:38

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मिथुन**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ कनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में चल रहे मतभेद दूर होने लगेंगे।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को आज सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मीन**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

## मूर्ति स्थापना के साथ गणेश चतुर्थी महोत्सव शुरू

**सुजानगढ**, (निसं)। श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित 32 वें गणेश चतुर्थी महोत्सव 2024 का मूर्ति स्थापना के साथ शुभारम्भ हुआ। पंडित सोमदत दाधीच द्वारा किये गये वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान पवन सोनी, सहदेव सोनी, गिरधारी लाल जांगिड, सुमन देवी, उषा देवी, मोतीलाल सोनी द्वारा भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की गई।

समिति अध्यक्ष अरविन्द सोनी ने बताया कि 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के अंतर्गत नित्य आरती पूजा के साथ 06 सितम्बर को रात्रि कालीन दिल्ली के अनिल तिलकधारी एंड पार्टी द्वारा भव्य सजीव झांकियों के साथ नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जायेगी। 07 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश का 251 किलो दूध से दुग्धाभिषेक किया जाएगा तथा दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 7 सितम्बर से 13 सितम्बर तक रात्रि कालीन 8 बजे से 11:30 बजे तक चित्रकूट के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। 8 सितम्बर से 10 सितम्बर तक दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक पद्मनाभ महाराज द्वारा भक्त माल की कथा का वाचन किया जायेगा। 11 से 14 सितम्बर तक दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक गोविन्द भैया द्वारा नानी बाई का मायरा सुनाया जाएगा। 14 सितम्बर को प्रात: 9 बजे हवन होगा एवं शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# वंचित वर्ग के समर्थन में संघर्ष समिति ने निकाली रैली

**चूरू**, (निसं)। वंचित एससी/एसटी समाज संघर्ष समिति की जिला चूरू इकाई की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के आरक्षण में वर्गीकरण (कोटे में कोटा) के फैसले के समर्थन में गुरुवार को जिला-स्तरीय विशाल रैली का आयोजन किया गया।

वंचित एससी/एसटी समाज संघर्ष समिति राजस्थान के संरक्षक सीताराम लुगरिया ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 7 जजों की संवैधानिक

**■ सपेरा समाज ने बीन बजाकर आरक्षण में वर्गीकरण फैसले का स्वागत किया**

पीठ गठित की थी, जिसका 1 अगस्त 2024 को 6-1 के बहुमत से निर्णय हुआ। राज्य सरकार आरक्षण में वर्गीकरण (कोटे में) कर सकती है। सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय 78 वर्षों से गरीबी का जहर पी रही वंचित जातियों के लिए अमृत साबित होगा। समिति ने इस निर्णय का स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुवार को जिला स्तरीय समर्थन रैली का आयोजन वंचित समाज द्वारा किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में



आरक्षण में वर्गीकरण के समर्थन में एससी-एसटी समाज संघर्ष समिति ने रैली निकाली।

बताया कि अतिशीघ्र आरक्षण में वर्गीकरण (कोटे में कोटा) को लागू किया जाये। अगर राज्य सरकार द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो जल्द ही जयपुर में बड़ा आन्दोलन किया जायेगा।

एडवोकेट रामधन सांसी ने कहा कि आरक्षण में वर्गीकरण करवाकर ही दम लेंगे और सुनियोजित तरिके से अनुसूचित जाति के सामाजिक छात्रावासों में शिक्षा ग्रहण करने वाले वंचित जातियों के छात्र-छात्राओं को षड़यंत्र के तहत प्रवेश नहीं दिया जाता है। जिसके कारण वंचित जातियों के लोग शिक्षा में आगे नहीं आ रहे है। अनुसूचित जाति एवं वित्त विकास आयोग राजस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने कहा कि बाबा साहेब ने अन्तिम छोर तक आरक्षण का लाभ पहुंचे, ऐसा संविधान में प्रावधान किया था, मगर आजादी के 78 वर्ष बाद आज राजस्थान में 53 जातियों के लोग शिक्षा, रोजगार व राजनीतिक भागीदारी से वंचित है। इस पर धानक समाज, सांसी समाज, नायक समाज, खटीक समाज, ढोली समाज, कुंचिया समाज सहित वंचित 53 जातियों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को राजनीतिक नियुक्तियां देनी चाहिए। इस अवसर पर नायक महासभा जिलाध्यक्ष रामेश्वर नायक, चैनाराम सांसी जिलाध्यक्ष सांसी समाज, चन्द्रभान नायक, विजय चौहान, महेन्द्र लुगरिया, विजय ढेनवाल, महेन्द्र बावलिया, विनोद बागड़ी, पवन बागड़ी, लीलाधर निनाणियां, ओमप्रकाश गिंवारिया, सुमेर धानका, रितेष चौहान, विजय बाल्मिकी, कैलाश चन्देलिया, एड. मेवासिंह ने भी विचार व्यक्त किये।

## रेप व हत्या के आरोपी को फांसी देने की मांग

**खेतड़ी**, (निसं)। गोठड़ा पंचायत की बाढ़ की ढाणी में युवती के साथ रेप कर हत्या के मामले में गुरुवार को युवाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान युवाओं ने जल्द कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने बताया कि गोठडा ग्राम पंचायत की बाढ़ की ढाणी में 11 अगस्त को एक युवती के साथ आरोपी ने बलात्कार का जघन्य अपराध किया है। इसके बाद आरोपी युवती के सिर में ईंट से वार कर बेरहमी से हत्या कर दो साल से बंद पड़े उप स्वास्थ्य केन्द्र में पटक कर फरार हो गया था। इस निर्मम हत्या को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है, जिसके बाद उप जिला अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन भी किया गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक आरोपी को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया था। युवती की हत्या के विरोध में अपराधी को सरकार व न्याय पालिका से जल्द सजा दिलाने एवं पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके इसलिए युवाओं की ओर से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया जा रहा है।

इस दौरान युवाओं ने युवती के हत्या के केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट में करवाने, अपराधियों को फाँसी की सजा दिए जाने, परिवार व गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए, अपराधियों का कोई भी वकील पैरवी नहीं किए जाने की मांग की है।

### सार-समाचार

## माथुर और तिवाड़ी रैवासा धाम पहुंचे



**सीकर**, (निसं)। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी गुरुवार को सीकर के रैवासाधाम पहुंचे तथा रैवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने रैवासा धाम की गद्दी पर विराजमान राजेंद्र दास महाराज को शॉल ओढ़ाया। महाराज ने उन्होंने आशीर्वाद दिया।इससे पूर्व पुलिस लाइन सीकर में बने हैलीपेड पर पहुंचने पर जिला कलेक्टर कमर चौधरी, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने राज्यपाल की अगवानी की। प्रदेश सरकार में कानून मंत्री जोगाराम पटेल भी रैवासा धाम पधारे और महाराज को शॉल ओढ़ाया। जिसके बाद पीठाधीश महाराज राजेंद्र नाथ ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, भारत विकास परिषद जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मोदी, सीमा अग्रवाल, मधु कुमावत उपस्थित थे।

## 'शिक्षक समाज की महत्वपूर्ण कड़ी'

**झुंझुनूं**, (निसं)। मंडावा रोड स्थित डूंडलोद पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डूंडलोद शिक्षण संस्थान डूंडलोद के सचिव बीएल रणवां, प्रिंसिपल डॉ. सतबीर सिंह एवं प्रबंधक समिति सदस्य सुभाष ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की फोटो पर माल्यार्पण किया। सचिव बीएल रणवां एवं प्राचार्य ने अपने भाषण में शिक्षकों का आव्हान किया कि वे अधिकाधिक व्यावहारिक एवं सामाजिक शिक्षक बनें। शिक्षक को स्वयं सहनशीलता, दया, करूणा, सहयोग, मेलजोल, नेतृत्व, ईमानदारी आदि का प्रत्यक्ष उदाहरण पेश करना होगा। हर शिक्षक ऐसी नवीनतम शिक्षण पद्धित अपनाए कि विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत अनुभवों से ज्ञान को अर्जित कर सके। उनके अंदर निहित ज्ञान को उभारा जा सके। शिक्षक को सहनशीलता का परिचायक होना चाहिए। क्योंकि वह जब लगभग बीस साल एक विद्यार्थी में लगाता है। तब जाकर वह विद्यार्थी एक समाज का निर्णायक अंग बनता है। शिक्षक समाज की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है। इसलिए वे अपने आप को स्वस्थ भी रखें। शिक्षकों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार वितरित किए। छात्रा विनया राव व हरमन कक्षा 9वीं ने अपने विचार प्रकट किए।

## छात्रों ने किया स्कूल का संचालन

**सुजानगढ**, (निसं)। निकटवर्ती गांव मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीणा की पहल पर विद्यालय में आधे दिन तक प्रधानाचार्य से लेकर सहायक कर्मचारी की भूमिका छात्र-छात्राओं ने निभाई। संस्था प्रधान धर्म सिंह मीणा द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत सभी 510 विद्यार्थियों को पेंसिल व पैन तथा स्टाफ सदस्यों को चैन कवर फाइल तथा पैन प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने उद्देश्य से तय कर उसे प्राप्त करने तथा माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वेदप्रकाश भामू, रूघाराम नेहरा, रतनी कुमारी, मनोज कडवासरा, महावीर प्रसाद गोदारा, शशि चौहान, लक्ष्मी, छात्रा रिंकू बीदावत, गोपाल, आईना, मोनिका, राधा एवं स्टाफ सदस्यों ने छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई।

## बेटी के जन्म पर पौधे वितरित किये

**सादुलपुर**, (निसं)। गांव जनाऊ खारी के युवा सामाजिक कार्यकर्ता सुनिल निरानिया एवं अध्यापिका परमजीता के बेटी होने की खुशी में एवं गुरूवार को हॉस्पिटल से घर पहुंचने पर महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर बेटी का स्वागत किया गया।

# नगरपालिका राजगढ़ का उप चुनाव सम्पन्न

**सादुलपुर**, (निसं)। नगर पालिका के दो वार्डों में गुरुवार को उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गए। वार्ड 6 में कुल 1151 में मतदाताओं में 777 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया तथा शाम 6 बजे तक 67.51 प्रतिशत मतदान रहा। इसी प्रकार वार्ड नंबर 38 में कुल मतदाता 581 में से 456 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया तथा 78.48 प्रतिशत मतदान रहा।

दिन भर चले मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों का ईवीएम मशीन में भाग्य बंद हो गया तथा शुक्रवार को 8.00 बजे राजकीय महाविद्यालय में मतगणना होगी तथा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के आदेश अनुसार नगरपालिका के वार्ड संख्या 06 व 38 के सदस्य पदों के उपचुनाव गुरुवार को संपन्न हो गए। सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ था जो दिन भर धीमी गति से रहा, हालांकि उपखंड अधिकारी

**■ वार्ड नंबर 6 में 67.51 प्रतिशत तथा वार्ड 38 में 78.48 प्रतिशत हुआ मतदान**

सुशील कुमार सैनी, तहसीलदार इमरान खान पठान, एएसपी किशोरी लाल एवं थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया दिन भर बूथों का निरीक्षण करते रहे। इसके अलावा सांसद राहुल कस्वा तथा पूर्व विधायक डॉ कृष्णा पूनिया भी बूथों पर पहुंचकर चुनाव संबंधी जानकारी प्राप्त की। दुसरी और शिक्षाविद्ध रामसिंह पूनियां एवं प्रमोद पूनियां दिनभर अपने मतदाताओं पर नजर रखते हुए मतदान करवाने में जुटे रहे। दुर्गादत्त भक्कड स्कूल में मतदान केंद्र वार्ड 38 में दोपहर 01 बजे तक 55 प्रतिशत तथा वार्ड 06 में 46 प्रतिशत मतदान हो चूका था। इसके अलावा उपचुनाव अंतर्गत प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई थी।

## 70 शिक्षकों का सम्मान किया

**सुजानगढ़**, (निसं)। पूनमचंद बगडिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अखिल भारतीय मैत्री मंच एवं मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत के संयुक्त तत्वावधान व सौजन्य से शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

मैत्री मंच की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ.शर्मिला सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम में 70 शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिसमें 25 सेवानिवृत शिक्षक, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले 25 शिक्षकों के साथ ही शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियों में अपनी सकारात्मक सहभागिता निभाने वाले 20 शिक्षकों का सम्मान किया गया।

प्रधानाचार्य रणवीर सिंह महरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता पूनिया एवं विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ मंजू पंवार, समाजसेवी पवन तोदी रहे।

# अतिक्रमण पर चला नगरपरिषद का पीला पंजा

**चूरू**, (निसं) नगरपरिषद् प्रशासन की ओर से गुरूवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत आपणी योजना से सीएम बहड़ सर्किल तक मुख्य सड़क के किनारे अतिक्रमण हटाया गया।

हालांकि नगरपरिषद् प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस

**■ व्यापारियों में मचा हड़कम्प, भारी पुलिस जाब्ता रहा तैनात**

दे दिया था, फिर भी अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। बुधवार सुबह नगरपरिषद् आयुक्त अभिलाषा सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस जाब्ते के साथ आपणी योजना के सामने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। जेसीबी की सहायता से कच्चे-पक्के निर्माण ध्वस्त किए गए। कई लोगों



चूरू नगरपरिषद् ने बहड़ सर्किल पर अतिक्रमण हटाया।

ने इसका विरोध भी किया।

जेसीबी को चलता देखकर कई अतिक्रमणकारी खुद ही अपने छप्परे उठाकर ले गए। बहड़ सर्किल पर काली कमली आश्रम के आगे भी अतिक्रमण हटाया गया। यहां अतिक्रमणकारियों ने सड़क को भी किराए पर दे रखा था। अभियान के बाद व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। वहीं इस अभियान की आमजन ने सराहना की। इस मौके पर नगर परिषद आयुक्त सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मार्गदर्शन करने वाला ही हमारा सच्चा गुरु होता है : कलेक्टर

**सीकर**, (निसं)। जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2024 गुरुवार को राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले तीन शिक्षकों का सम्मान किया गया साथ ही पांच मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण किया गया।

जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि धोद विधायक गोवर्धन वर्मा सहित जिला कलेक्टर कमर चौधरी, सीकर के पूर्व विधायक

**■ जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में तीन शिक्षकों का सम्मान किया व पांच मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण किये**

रतन जलधारी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पुरोहित, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी शीशराम कुलहरी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय में नामांकन बढ़ाने, विद्यालय विकास हेतु भामाशाहों को प्रेरित करने सहित अन्य सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर व्याख्याता सुमन भाखर, वरिष्ठ अध्यापक अर्जुन राम, राकेश कुमार पारीक को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब के जीवन में कोई ना कोई गुरु रहा है जिसने हमारा मार्गदर्शन किया है जिसकी वजह से आज हम यहां हैं। उन्होंने कहा कि हमारे माता-पिता एवं हमारा मार्गदर्शन करने वाला ही हमारा सच्चा गुरु होता है जो हमें सही रास्ता दिखाकर जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने कहा कि हमारे सच्चे गुरु हमारे माता-पिता होते हैं एवं इसके बाद गुरु का स्थान आता है जो हमें सही रास्ता दिखाकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला।

## फिल्म सन ऑफ शेखावाटी के पोस्टर का लोकार्पण आज

**चूरू**, (निसं)। विनायका फिल्म्स एंड टेलीविजन और चंद्र फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी राजस्थानी फीचर फिल्म सन् ऑफ शेखावाटी के पहले पोस्टर का लोकार्पण संगीतकार दिलीप सेन द्वारा सुजानगढ़ के तोदी भवन में शुक्रवार को शाम 6 बजे समारोह पूर्वक किया जाएगा।

निर्माता पवन तोदी ने बताया कि पोस्टर लॉन्चिंग के मौके पर दिलीप सेन के साथ प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार, फिल्म के कलाकार और गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। निर्माता पवन तोदी व राजेंद्र सिंह शेखावत के संयुक्त तत्वावधान में बनी फिल्म सन ऑफ शेखावाटी में अमरजीत सिंह, पूनम लबाना, शिव सिंह चौहान, नेंसी, सुमन शर्मा, पवन तोदी, सुशील कुमार जोशी, अफजल हसन गोरी, सरोज बरोड, सर्जना पारीक, अन्नू पूनिया, राज रावल आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म के निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि गीत गिरीश भार्गव ने लिखे हैं। संगीत राजेंद्र शरनोत और शंकर महेश्वरी का है। आवाज रघुवीर सिंह राठौड़, शंकर महेश्वरी और सोनू माहेश्वरी की है। निक्की बत्रा नृत्य निर्देशक और कवींद्र सिंह राठौड़ एक्शन डायरेक्टर हैं। फिल्म के डीओपी और संपादक ओम पूनिया हैं।

## शिक्षक दिवस पर स्वच्छता की दी जानकारी

**पाटन**, (निसं)। शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई एवं स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), नगर परिषद नीमकाथाना के जागरूकता कार्यक्रम के तहत नारायणी देवी मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी नीमकाथाना में उपस्थित विधार्थियों को सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट गोविन्द सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए कहा कि साफ सफाई, स्वच्छता का पूरा ध्यान रखे जिससे मच्छर, मक्खी न हो और डेंगू, मलेरिया जैसे रोगो से बचा जा सके।

जागरुकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया कि आपके घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल-जल को टेंकों में भरकर राणासर रोड इंडस्ट्री एरिया में बन रहे एफएसटीपी में ले जाया जाएगा, वहां इसको ट्रीट कर खाद बनाया जाएगा और खाद का उपयोग वानिकी, पेड़ो में किया जाएगा, इसके निस्तारण के समय जो गंदगी होती थी उससे निजात मिलेगी व वातावरण स्वच्छ रहेगा। जागरूक की इसी कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0, नगर परिषद नीमकाथाना एम.आई.एस इंजीनियर मुकेश सैनी ने विधार्थियों को स्वछता ऐप मोबाइल पर डाउनलोड करना और स्वच्छता ऐप की उपयोगिता के बारे में बताया।


**नाम परिवर्तन**

मेरे पति मांगेराम रजिमैंट नं. G/50193555P RANK RFN/GD/DVR के सेना रिकॉर्ड में मेरा नाम भूलवश अग्रेजी में (PARAMIA DEVI) दर्ज हो गया है, जो गलत है। जबकि मेरे समस्त दस्तावेजात आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा सत्य एवं सही नाम प्रमिला पत्नी मांगेराम (PRAMILA W/O MANGE RAM) है। इसलिए अब मेरे पति के समस्त सेना रिकॉर्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में (PARMILA DEVI) की बजाय (PRAMILA) करवाना चाहती हूं। जो दर्ज किया जावे। शपथग्रहिता- प्रमिला (PRAMILA) पत्नी मांगेराम उम्र 41 साल, जाति गुसाई निवासी बास कांजण तहसील सिद्धमुख जिला चूरू (राज.)

**खोया-पाया**

मेरी खरीदशुदा भूमि के मूल खातेदार राधा किशन पुत्र रामचन्द्र से दलीप सिंह पुत्र जुगलाल के बीच की चैन कड़ी तथा मूल खातेदार राधा किशन पुत्र रामचन्द्र से हंसराम पुत्र जमना राम के बीच की चैन कड़ी कहीं गुम हो चूकी है। उपरोक्त चैन कड़ियां भविष्य में मुझे मिलने पर नगरपालिका कार्यालय राजगढ (चूरू) में जमा करवा दुगां।

शपथगृहिता
मनोज सिंह आयु 52 साल पुत्र श्री नकूल सिंह, जाति राजपुत निवासी लाखलाण तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.)

**बेदखली सूचना** मनके कर्मवीर आयु 58 साल पुत्र श्री रामजी लाल जाति मेघवाल व रामरती आयु 55 साल पत्नि कर्मवीर जाति मेघवाल निवासीगण कालरी तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) के है, जो निम्न कथन लिखे अनुसार शपथ पूर्वक बयान करते है-1. यह कि हमारा पुत्र संजय कुमार व उसकी धर्मपत्नि किरण हमारे कहे अनुसार नही चलते है। आवारा व बदमाश पवृती के लोगो के संगत मे रहते है। लोगो से हमारे व हमारे परिवार के नाम से रूपये व समान ले लेते है। उनके द्वारा वापिस मांगने पर झगड़ा फंसाद करते है। हमारा उक्त पुत्र व पुत्रवधु हमारे द्वारा समझाने पर भी नही मान रहे है। हमारा उक्त पुत्र व पुत्रवधु हमें आत्महत्या करने की धमकी देते है, हमारा उक्त पुत्र संजय कुमार व उसकी धर्मपत्नि किरण कहां रहते है हमे पता नही है। इस कारण हमने हमारे पुत्र संजय कुमार व उसकी धर्मपत्नि किरण को आज दिनांक 02.09.2024 को हमारे परिवार की सम्पूर्ण जायदाद चल अचल सम्पती से बेदखल कर दिया है।आज से हमारे उक्त पुत्र व उसकी धर्मपत्नि का हमारे किसी भी प्रकार की सम्पती व जायदाद मे किसी भी प्रकार का कोई हक्क व हिस्सा नही रहा है, हमने हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नि को हमारे परिवार से अलग कर दिया है। यह कि आज के बाद हमारे उक्त पुत्र व उसकी धर्मपत्नि के द्वारा किये जाने वाले किसी भी प्रकार के कोई लेन देन के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे, हमारे घर परिवार मे इनका कोई लेना देना नही रहा है। आज से हमारे उक्त पुत्र उसकी पत्नि को घर से अलग कर दिया है। हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नि के द्वारा किसी भी प्रकार का लेन देन करने, वाद विवाद या झगड़ा फंसाद करने, किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना कारित करने, आत्म हत्या करने या अन्य कोई भी गलत काम करने पर हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी, हमारा हमारे पुत्र संजय कुमार व उसकी धर्मपत्नि किरण से कोई लेना देना नहीं है। उक्त बात की हमने सामाजिक पंचायत की थी, व सामाजिक पंचायत मे हमने हमारे उक्त पुत्र संजय कुमार व उसकी धर्मपत्नि किरण को हमारे परिवार से बेदखल कर दिया है, और कोर्ट मे लिखित कर आज हमने इसको निष्पादित करवाया है। सूचित रहे। दिनांकः-03.09.2024

शपथग्रहिता-कर्मवीर आयु 58 साल पुत्र श्री रामजी लाल जाति मेघवाल व रामरती आयु 55 साल पत्नि कर्मवीर जाति मेघवाल निवासीगण कालरी तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.)


## संस्था प्रधानों की वाक्पीठ संगोष्ठी आयोजित

**पाटन**, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत छाजा की नांगल महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में गुरुवार को दो दिवसीय संस्था प्रधान वाक पीठ संगोष्ठी व जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

शिक्षा विभाग के आर पी अशोक यादव ने बताया कि ब्लॉक पाटन के समस्त राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों की दो दिवसीय वाक पीठ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में संस्था प्रधानो द्वारा सत्र वार विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक विषयों पर वार्ता व चर्चा की गई। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी द्वारा जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर चयनित शिक्षकों को प्रशस्ती पत्र जिला स्तर पर सम्मानित शिक्षकों को 11000 हजार रुपए एवं ब्लॉक स्तर पर 5100 रुपये का चैक प्रदान किया गया। जिला स्तर पर कक्षा 9 से 12 वर्ग में चन्द्र प्रकाश सैनी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहोड़ी (अजीतगढ )कक्षा 6 से 8 वर्ग में शीश राम यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महावा (नीम का थाना )कक्षा 1 से 5 वर्ग में हरफूल सैनी राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढाणी कालू (नीमकाथाना) को सम्मानित किया गया।

# 'शिक्षक ही विद्यार्थी को अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाता है'

**चूरू**, (निसं)। पेंशनर भवन में शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को जिला-स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव ने की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीईओ मा. गोविन्द सिंह राठौड़, डीईओ प्रां. सन्तोष महर्षि, सीबीईओ ओमदत

**■ जिला-स्तरीय समारोह में शिक्षकों को किया सम्मानित**

सहारण व शिक्षाविद सूर्य प्रकाश त्रिवेदी थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के नोडल प्रभारी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव ने बताया कि जिला-स्तरीय समिति द्वारा अनुशंशित शिक्षक शिवकुमार सहारण, सुमन पूनियां, विनोद कुमार, शिवकुमार शर्मा व आशा स्वामी का अतिथियों ने माल्र्यापण कर, प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किये



चूरू में जिला स्तरीय सम्मान समारोह में विधायक हरलाल सहारण ने शिक्षकों को सम्मानित किया।

गये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला शिक्षा अधिकारी प्रां. शिक्षा संतोष कुमार महर्षि ने कहा कि शिक्षक लगन, कठिन परिश्रम व जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करें। जिला शिक्षा अधिकारी मा. शिक्षा गोविन्द सिंह राठौड़ ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को डिजिटल युग की आवश्यकता स्वरूप टेबलेट का अध्ययन में उपयोग करने पर बल दिया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव ने शिक्षक दिवस पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों की रीढ़ होता है, क्योंकि वह विद्यार्थी को अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाता है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओम दत्त सहारण ने शिक्षक दिवस की थीम पर विचार व्यक्त करते हुए समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की। सहायक निदेशक बृजेन्द्र कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर गोपीराम गोयनका राउमावि चूरू के प्रशांत बुन्देला, पीयूष डाबी, सचिन कुमार, दुर्गा सैनी, पूजा सैनी, वर्षा डीडवानिया, पायल शर्मा, जयप्रकाश, दिलीप कुमार सैनी व कार्तिक चोटिया को अतिथियों ने टेबलेट वितरित कर सम्मानित किया कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी सुरेन्द्र महला ने बताया कि जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर तीन समूह में राज्य, जिला व ब्लॉक स्तर पर एक-एक शिक्षक का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया है, जिसमें चूरू जिले के शिक्षक सुरेन्द्र कुमार सहारण, धनराज व पुरुषोत्तम लाल को राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया।

## तेजा दशमी समारोह के पोस्टर का विमोचन

**पाटन**, (निसं)। वीर तेजाजी शिक्षण संस्थान नीमकाथाना में 13 सितंबर को श्री सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के बलिदान दिवस पर तेजादशमी समारोह को भव्य बनाने की तैयारियों को लेकर मीटिंग आयोजित कर पोस्टर का विमोचन किया गया।

संस्थान में निर्णय लिया गया कि तेजा दशमी पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा शहर में शांतिपूर्वक तरीके से निकाली जाए। शोभायात्रा को लेकर आयोजन कमेटी द्वारा विभिन्न गांवों में प्रचार प्रसार के लिए टीम गठित कर पीले चांवल बांटे जाएंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को इस समारोह से जोड़कर इसे भव्य बनाने का आव्हान किया जाएगा। समाज के हर व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से समारोह को लेकर जोड़ा जाएगा। समाज में सामंजस्य स्थापित करने और तेजाजी महाराज के सत्य और बलिदान का संदेश शांति के साथ के प्रसारित किया जाए। शोभायात्रा के बाद संस्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी लोक कलाकारों द्वारा तेजा गायन और भक्ति गीतों के माध्यम से समाज की संस्कृति को बचाए रखने और समाज में व्याप्त बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा। स्वजातीय बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि युवाओं और बच्चों को हर प्रकार के नशे से दूर रखना होगा।


प्ररूप-10 नियम-6(7) देखिए

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका विद्या विहार**

क्रमांकः-न.पा.वि.वि./2024-25/820 **लोक सूचना** दिनांकः-05/09/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा नगर पालिका विद्या विहार में राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क के अन्तर्गत कृषि भूमि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरण हेतु पालिका में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह 07 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय आवश्यक दस्तावेजों के पालिका में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद गुजरने प्रकरणों में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी तथा किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।


| क्र. सं. | नाम आवेदक | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | रकबा/किस्म | प्रयोजन जो चाहा जा रहा है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजय पुत्र श्री लिछुराम, निवासी-झेरली। | हनुमन्तपुरा | 249/120 | 0.0900 है. बारानी 1 | औद्योगिक |

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका विद्या विहार

# बीसलपुर बांध का गेज 315.34 सेंटीमीटर पहुंचा, गेट आज खुलेंगे

## निचले इलाकों से किसानों एवं पशुधन को हटाने की कवायद प्रशासन ने शुरू की, प्रशासनिक अधिकारियों ने नदी किनारे से दूर हटने की चेतावनी दी


मेवाड़ क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण बीसलपुर बांध में पानी की आवक बनी हुई है।

**देवली, (निसं)।** इन दिनों बीसलपुर बांध के ऊपरी इलाके में लगातार बारिश का दौर बना हुआ है। पिछले तीन दिन से मेवाड़ क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध में पानी की आवक बनी हुई है। वहीं बिसलपुर बांध के गेट आज खुलेंगे, इसको लेकर प्रशासन ने गांवों में अलर्ट की चेतावनी जारी कर दी है। वहीं मेवाड़ क्षेत्र के जैतपुरा बांध

- **बीसलपुर बांध अपनी भराव क्षमता से 16 सेंटीमीटर खाली रहा, बीसलपुर बांध की सहायक नदी त्रिवेणी का गेज चार मीटर पर स्थिर रहा**

से पानी छोड़े जाने के कारण त्रिवेणी नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे गुरुवार को बीसलपुर बांध में पानी की आवक होने पर बांध का जलस्तर गेज 315.34 सेंटीमीटर पर पहुंच गया। यह बीसलपुर बांध के भराव क्षमता से केवल 16 सेंटीमीटर कम रहा है। यह मापदंड गुरुवार रात दस बजे तक का है।

ऐसे में यह अनुमान लगाया शुक्रवार को बीसलपुर बांध के गेट खुलने की पूरी संभावना बन गई है। ऐसे में 2 साल बाद फिर से बीसलपुर बांध में पानी की पूर्ण क्षमता के भराव से और पानी की आवक होने से राज्य सरकार और राज्य की जनता सहित क्षेत्रीय किसानों में खुशी का इजहार किया जा रहा है। इसलिए की राजस्थान राज्य के एक चौथाई क्षेत्र में बीसलपुर बांध से पीने के पानी की जल आपूर्ति की जाती है। इसी के साथ टोंक, केकड़ी और भीलवाड़ा जिले के किसानों को भी बीसलपुर बांध के पानी से खेती लाभ पहुंचता है और वहीं किसान 12 महीने बीसलपुर बांध के पानी से खेतों में सिंचाई करते हैं।

बीसलपुर परियोजना के अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने जानकारी में बताया कि गुरुवार की देर रात तक बीसलपुर बांध में जलाशय भंडारण क्षमता 315.50 सेंटीमीटर तक पानी की आवक हो सकती हैं। इसके पश्चात अगर ऊपरी माल से पानी की आवक इसी तरह बनी रही तो बांध के गेट शुक्रवार को खोल दिए जाएंगे। अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने बताया कि बीसलपुर बांध के गेट खोले जाने को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों और जिला कलेक्टर को भी गेट खोले जाने की संभावनाओं पर अवगत करा दिया गया है। डाउनस्ट्रीम यानी के बांध के नदी बहाव क्षेत्र से लोगों को दूर रहने की चेतावनी दे दी गई है। वहीं पशुधन को भी क्षेत्र से दूर रखने के लिए अवगत करा दिया गया है। बीसलपुर बांध के कैचमेंट एरिया ऊपरी माल पर त्रिवेणी नदी का गेज गुरुवार रात 8 बजे तक 4 मीटर पर चल रहा है। ऐसे में प्रति घंटा डेड सेंटीमीटर बांध में पानी की आवक हो रही है।

# 15 फीट लम्बे अजगर ने नीलगाय के बछड़े को निगला


स्नैक कैचर सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों के सहयोग से अजगर को रेस्क्यू किया।

**ब्यावर, (निसं)।** रायपुर उपखंड के बर गांव के निकट स्थित शिकारबाड़ी के पीछे एक 15 फीट लंबे विशालकाय अजगर ने लगभग 20 किलो वजनी नीलगाय के बछड़े को निगल लिया, इसके बाद वह झाड़ियां में छिपकर बैठ गया। जब अपने पशु गांव से सटे चरवाहा क्षेत्र में चरवाह रहे थे तभी एक भैंस अनजाने में अजगर के करीब घास चरती हुई पहुंच गई। अचानक अजगर खतरा महसूस होने पर भैंस के ऊपर हमलावर हो गया। भैंस वहां से भाग खड़ी हुई। यह घटना चरवाहे ने देखी तो तुरंत मौके पर जाकर देखा तो वहां पर एक विशालकाय अजगर झाड़ियां में बैठा हुआ था। चरवाहे ने शोर मचाकर आसपास के सभी चरवाहों को सचेत किया। देखते-देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सबके मन में एक ही विचार था कि आखिर इस अजगर ने किस जीव को निगला है। इसकी सूचना सेंदड़ा वन रेंज के अधिकारी राजेंद्र कुमार कसाना को दी गई, जहां से सेंदड़ा वन रेंज से स्नैक कैचर सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।

- **नीलगाय के बछड़े को निगलने के बाद अजगर झाड़ियां में छिपकर बैठ गया**
- **रेस्क्यू के दौरान अजगर ने स्नैक कैचर की अंगुली पर काट लिया**

स्नेक कैचर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जैसे ही अजगर को रेस्क्यू करने के लिए नजदीक गए तो वह हमलावर हो गया और उसने बार-बार काटने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि अजगर ने भारी शिकार करने के बावजूद भी एक मीटर तक उछलकर काटने का प्रयास करता रहा। कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को काबू किया गया। अजगर भागने की फिराक में काफी छटपटाने लगा था ।उसने हल्का होने के लिए या भागने के लिए निगले हुए शिकार नीलगाय के बछड़े को वापस उगल दिया। ग्रामीणों ने बताया कि वो यहां अपने पशु चरवा रहे थे तो उन्होंने यहां नीलगाय का एक झुंड देखा था और उनके साथ एक बछड़ा भी था शायद ये उसी बछड़े को इस अजगर ने शिकार बनाया हो।

स्नैक कैचर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि अजगर इतना भारी भरकम था जिसे चार व्यक्तियों के सहयोग से बोरे में डालकर रोड के किनारे लेकर आना पड़ा और घने जंगल में छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि नीलगाय के शिकार के बाद इसका वजन करीब 45 किलो के करीब था। इस दौरान मुन्नाराम माली कैलाश बागड़ी और अशोक सैनी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

स्नैक कैचर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान जैसे ही वे अजगर को बोरे में डाल रहे थे। उसी दौरान अजगर ने उनकी अंगुली पर काट लिया। उन्होंने बताया कि ग्लव्स पहने हुए के बावजूद भी अजगर का हमला बहुत तेज था और उसके दांत बहुत ही ज्यादा नुकीले थे जिससे ग्लव्स की परत को चीरते हुए उंगलियां तक पहुंच गए। काटने के बाद उनके हाथ से काफी ब्लीडिंग हुई, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया और वो अब स्वस्थ हैं।

# एक माह की बेटी की मां ने गला दबाकर हत्या की

## रात को रो-रोकर बहुत परेशान कर रही थी एक माह की मासूम बेटी तो मां ने गला घोंट दिया


मासूम की कातिल मां भुला देवी गुर्जर को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मां ने अपनी ही मासूम बेटी का बेरहमी से गला घोंटकर हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मां को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

मांडलगढ़ थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के बिकरण पंचायत के स्वरूपजी का खेड़ा गांव निवासी बच्ची नीलू कुमारी उम्र एक माह पांच दिन का शव घर में रखे पानी भरे ड्रम में मिला था। इस मामले में मृतका के काका माधुलाल गुर्जर ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला बीते रविवार को दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए गांव में ग्रामीण, पड़ौसियों और मृतका के परिजनों से पूछताछ की। वहीं मृतक मासूम नीलू कुमारी की 31 वर्षीय मां भुलादेवी गुर्जर से भी कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी मां भुलादेवी देवी ने हत्या करने का जुर्म स्वीकार किया।

आरोपी महिला ने बताया कि उसके पूर्व में दो पुत्रियां है और देवरानी के भी चार पुत्रियां हैं। शनिवार रात्रि में मृतका नीलू कुमारी रात को बहुत रो-रोकर परेशान कर रही थी। इस दौरान महिला ने अपनी मासूम का गला घोंट कर पानी के ड्रम में डाल दिया। मां ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी बेटी का गला घोंट दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने जांच के पश्च्यात आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान मां ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि वह मानसिक तनाव से गुजर रही थी और उसी दौरान उसने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस को यह भी शक है कि इसके पीछे और कोई वजह हो सकती है, जिसकी जांच की जा रही है। यह घटना सुनकर पड़ौसी स्तब्ध हैं। किसी ने भी कभी नहीं सोचा था कि एक मां अपनी ही बेटी की जान ले सकती है। पड़ोसियों के अनुसार, मां-बेटी का रिश्ता सामान्य था।

थानाधिकारी चन्द्रप्रभात ने बताया कि यह घटना बहुत ही दर्दनाक है और जांच के बाद ही असल वजह का पता चल सकेगा। पुलिस मां के मानसिक स्वास्थ्य की भी जांच कर रही है।

# आठवीं कक्षा का छात्र पिस्तौल लेकर स्कूल पहुंचा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर के एक प्राइवेट स्कूल का स्टूडेंट बैग में पिस्तौल लेकर स्कूल पहुंच गया। स्कूल की डेली चैकिंग में उसके बैग में पिस्तौल मिली।

- **प्राइवेट स्कूल में डेली चैकिंग में छात्र के बैग में पिस्तौल मिली**

इस पर चैकिंग से जुड़े टीचर्स ने इसकी जानकारी स्कूल मैनेजमेंट को दे दी। उसी समय घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्टूडेंट के पेरेंट्स को थाने बुलाया। स्टूडेंट के पास मिली पिस्तौल उसके दादा की है और उसके दादा के पास इसका लाइसेंस भी है। स्टूडेंट शहर के स्कूल में आठवीं में पढ़ता है। स्कूल में हर दिन स्टूडेंट्स के बैग की जांच होती है। यह जांच की गई। इस दौरान एक स्टूडेंट के बैग में स्कूल स्टाफ को पिस्तौल मिली। इस पर उसने यह जानकारी स्कूल मैनेजमेंट तक पहुंचा दी। स्कूल मैनेजमेंट ने उसी समय थाने को सूचना दी। पुलिस ने स्टूडेंट के परिजनों को बुलाया और उन्हें घटना की जानकारी दी। इस पर स्टूडेंट के दादा ने उनके पास पिस्तौल का लाइसेंस होने की बात कहीं। इस पर दादा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एसएचओ रमेश कुमार ने बताया कि आठवीं के स्टूडेंट के पास पिस्तौल मिली है। स्टूडेंट के दादा के पास इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

# हिंडौन में बारिश का दौर जारी

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** शहर में करीब छह दिन बाद मानसून एक बार फिर से सक्रिय होते ही बाजारों में जल भराव का संकट छा गया। बुधवार शाम से रात तक हुई कुल 80 एमएम बारिश ने कटरा बाजार, डेम्प रोड, कम्बलबाल गली, धाकड़ पोठा, शीतला कॉलोनी, सर्राफा बाजार, भायलापुरा में जलभराव हो गया। कटरा बाजार में दुकानों के बाहर सड़क पर 3 से 4 फीट तक पानी भरा हुआ है। खरीदारी के लिए पहुंचे ग्राहक जलभराव देख वापिस लौटते दिखे। इधर हिंडौन-बयाना रोड पर बाजना रोड मोड़ पर पानी भरने से दुपहिया वाहन व ऑटो चालक डायवर्ट रूट में गलियों से निकलते हुए दिखे। शहर के मुख्य जलस्त्रोत जलसेन तालाब में पानी की आवक हुई है।

# कार ने दो बाइकों को टक्कर मारी, छह की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यहां के बिजयनगर में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे पर देर रात करीब दो बजे एक कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में 3 बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 3 ने हॉस्पिटल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सभी बाइक सवार आपस में परिचित थे और रात्रि जागरण से लौट रहे थे।

पुलिस के अनुसार एक्सीडेंट में मौके पर हनुमानगढ़ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र के पलू निवासी ताराचंद (20), सूरतगढ़ गांव के दो एसपीएम का रहने वाला मनीष उर्फ रमेश (24),

- **सभी बाइक सवार आपस में परिचित थे और रात्रि जागरण से लौट रहे थे**

बख्तावरपुरा निवासी सुनील कुमार (20) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बख्तावरपुरा के चोहिलांवाली निवासी राहुल (20), राजियासर थाना क्षेत्र के गांव दो एसपीएम के शुभकरण (19) और बलराम उर्फ भालराम (20) की हॉस्पिटल ले जाने के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद से कार ड्राइवर मौके से फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सांसद दामोदर अग्रवाल को 2775 फीट की पचरंगी पगड़ी पहनाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सांसद दामोदर अग्रवाल का विशेष सम्मान करते हुए राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व मे सबसे लंबी पचरंगी पगड़ी 2775 फीट 5500 स्क्वायर फीट, 6 फीट ऊंची और 4 फीट चौड़ी पहनाई गई।

जनमंच अध्यक्ष सोनी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश महामंत्री सांसद दामोदर अग्रवाल को विश्व की सबसे लंबी विशालकाय पचरंगी पगड़ी 2775 फीट की व 22 किलो 800 ग्राम वजन की भाजपा जिला कार्यालय भीलवाड़ा में पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की लाइव रिकॉर्डिंग हुई। जानकारी के अनुसार इससे पूर्व विश्व की सबसे लंबी पगड़ी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में मध्य प्रदेश के बैतूल शहर में 26 अगस्त 2022 को 1133 फीट लंबी 3716 स्क्वायर फीट की पगड़ी का रिकॉर्ड बना था, उस रिकॉर्ड को आज तोड़ दिया गया है और नया रिकॉर्ड दर्ज करने की कार्यवाही की जाएगी। 2775 फीट पगड़ी को बांधने के लिए 20 वर्षों से लगातार पगड़ी बांध रहे सुरेंद्र सिंह चुंडावत जोगरास एवं उनकी टीम द्वारा पगड़ी को विशेष रूप से तैयारी किया गया। इससे पूर्व राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी के नाम पर तीन विश्व रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं।


**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (टीडब्ल्यू)
पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर टेलीफैक्स: 0141-2201022 इमेल : setw@jvvnl.org

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के अन्तर्गत वार्षिक दर अनुबंध पर वाहन, संयंत्र और मशीनरी की बिना पेट्रोलियम, तेल, लुब्रीकेंट के किराये पर रखने हेतु टीएन-552 के अन्तर्गत आमंत्रित जाती है। सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई-पोर्टल पर दिनांक 26.09.2024 को सॉयं 5.00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधित जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
UBN: VVN2425SLRC00430
जेपीआर-2880 (2024)
राज.संवाद/सी/24/4797
अधीक्षण अभियन्ता (टीडब्ल्यू)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत्त बारां**
क्रमांक: F-/SEWR/Circle/NIT-1/2024-25/725 दिनांक-02/09/2024

**कार्यालय आदेश**

इस कार्यालय के पत्रांक F-/SEWR/Circle/NIT-1/2024-25/571 दिनांक 14/08/2024 से ई -निविदा सूचना सं. 01 वर्ष 2024-25 आमंत्रित की गईथी, जिसे अपरिहार्य कारणों से तुरंत प्रभाव से निरसत किया जाता है।

पी.सी. मीणा
अधीक्षण अभियंता
जल संसाधन वृत बारां
DIPR/C/8243/2024


# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया

## नई पीढ़ी महाराणा प्रताप के जीवन से देश सेवा की प्रेरणा लें : उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी


शाहपुरा के बीरधोल गांव में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप प्रतिमा का अनावरण किया।

**शाहपुरा/भीलवाड़ा, (निसं)।** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी गुरुवार को शाहपुरा ज़िले के दौरे पर रही। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सर्वप्रथम जहाजपुर पहुंचकर वहां स्थित स्वस्ति में भूगर्भ से प्रकटित मुनि सुव्रतनाथ स्वामी जी के दर्शन किए एवं अर्गहनमति माता स्वस्ति भूषण माता के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी शाहपुरा जिले की कोटड़ी तहसील के बीरधोल गांव में पहुंच कर वहां महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के तत्वावधान में निर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर ज़िला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत एवं ज़िला पुलिस अधिक्षक राजेश कांवट भी मौजूद रहे।वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के अनावरण के साथ ही उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जिले के बीरधोल में बोरड़ा से बीरधोल चौराहे तक 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सड़क और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीरधोल में निर्मित हॉल का लोकार्पण किया। साथ ही शिक्षक दिवस के इस विशेष अवसर पर, उन महान शिक्षकों को सम्मानित किया जिन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण और ज्ञान से हमारे समाज की नींव मजबूत बनाई है।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रतापजी की यह भव्य प्रतिमा हमारे स्वाभिमान, शौर्य और बलिदान के प्रतीक महाराणा प्रतापजी की वीरता की अनमोल धरोहर है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के तहत महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित प्रत्येक स्थान पर उनकी भव्य प्रतिमाएं निर्मित की जाएगी एवं सभी स्थानों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आमजन को अपनी समस्याओं के अतिशीघ्र समाधान हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संपूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्थ किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का उद्देश्य आमजन के जीवन स्तर को और भी सुगम बनाना है तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार की मंशानुसार अधिकाधिक आमजन का हित भी प्रबलता से सुनिश्चित हो रहा है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आगामी पीढ़ी को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के संघर्षरत जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में देश के लिए कुछ करने का संदेश भी दिया।

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में महाराज दीपक पुरी, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, माण्डलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल, पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़, महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नमाणा, कोटड़ी प्रधान करण सिंह कानावत, क्षत्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत, स्मारक समिति सदस्य, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अ. प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड अपलोड

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक आचार्य संस्कृत शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा 2024 का 8 से 19 सितंबर तक होगी। आयोग ने परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट व एसएसओ पोर्टल पर अपलोड कर दिए हैं। आयोग के सचिव ने बताया कि संस्कृत शिक्षा विभाग में 15 विषयों के कुल 200 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन 12 जनवरी को जारी किया था। परीक्षाएं 8 से 19 सितंबर तक आयोजित होंगी, सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्र-तृतीय की परीक्षा 8 सितंबर को प्रात: 11 से 1 बजे तक किया जाएगा। 9 से 19 सितंबर तक ऐच्छिक 9 सितंबर को हिन्दी तथा सामान्य दर्शन, 10 को साहित्य, ज्योतिष एवं ऋगवेद, 11 को राजनीति विज्ञान, 12 इतिहास तथा धर्मशास्त्र, 14 इंग्लिश तथा ज्योतिष फलित, 15 को सामान्य संस्कृत, 17 को व्याकरण, 18 को भाषा विज्ञान तथा 19 सितंबर को योग विज्ञान तथा यजुर्वेद विषयों की प्रश्न पत्र प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षाएं दो पारियों में प्रात: 9 से 12 तथा दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक आयोजित होंगी। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड कर सकेंगे।


**राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान**
(राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित)
दुर्गापुरा, जयपुर 302 018 राजस्थान
Phone : 0141-2721412, Fax 2723618, EPBX : 2721431, 2720432 & 2720060
क्रमांक 6834 दिनांक 04.09.2024

**ई-बिड सूचना संख्या – 6747/2024-25**

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान दुर्गापुरा जयपुर में नये आई.सी.टी. आईटम्स अनुमानित लागत राशि रूपये 54.60 लाख कय हेतु पंजीकृत विनिर्माताओं/अधिकृत वितरक/डीलर से ई-बिड दिनांक 19.09.2024 को 01.30 पीएम तक आमंत्रित की जाती है।
ई-बिड से सम्बन्धित समस्त शर्ते व निर्देश एवं बिड प्रपत्र बेबसाइट http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकते हैं एवं डाउनलोड किया जा सकते है। इन बिड में भाग लेने वाले बिडदाताओं को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से इलेक्ट्रोनिक फॉर्मेट में बेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सबमिट करना होगा।
NIB No:-AGR2425A0247
UBN No:-AGR2425GLOB00273
राज.संवाद/सी/24/4805
निदेशक
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान
दुर्गापुरा जयपुर



**कार्यालय पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक: पससीकेबी/लेखा/निविदा/2024-25/950-952 दिनांक-3.9.2024

**ई -निविदा सूचना संख्या 02,03,04/2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति चौथ का बरवाडा के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में कार्यालय के पत्रांक 921-25 दिनांक 31.8.2024 द्वारा बोंरिग, सिगलफेस मोटर एवं नवीन हैण्डपम्प निर्माण कार्य हेतु भू-जल विभाग /जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं अन्य संस्थाओं में ड्रिलिंग कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से दिनांक 24.9.024 तक, कार्यालय पत्रांक 916-20 दिनांक 31.8.2024 द्वारा राजीव गॉधी सेवा केन्द्रो हेतु सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से जॉब आउट सोर्सिग बेसिस पर सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराये जोन हेतु दिनांक 17.9.2024 (ऑनलाईन) तक एवं कार्यालय पत्रांक 926-28 दिनांक 31.8.2024 द्वारा कम्प्यूटर/प्रिन्टर मरम्मत एंव टोर्नर रिफलिंग कार्य, नाश्ता/भोजन/पानी का कैम्पर, एंव हड्डी ठेका नीलामी हेतु दिनांक 09.09.2024 (ऑफलाईन) को निर्धारित प्रपत्र में दर संविदा के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑनलईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य का विस्तृत शर्ते, अनुमानित लागत, निविदा बेचने प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है।

NIB Code -ZSM2425A0253 UBN- ZSM2425WSOB00310
NIB Code -ZSM2425A0252 UBN- ZSM2425WSOB00309
NIB Code -ZSM2425A0254 UBN- ZSM2425WSOB00311
NIB Code -ZSM2425A0254 UBN- ZSM2425WSOB00312
NIB Code -ZSM2425A0254 UBN- ZSM2425WSOB00314

विकास अधिकारी
पंचायत समिति चौथ का बरवाडा
DIPR/C/8303/2024

# दुनिया के किसी भी कोने से प्रदेश में निवेश के लिए कर सकते हैं आवेदन : भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने किया एक आर्थिक अखबार के बिजनेस समिट का उद्घाटन



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को जयपुर में आयोजित एक आर्थिक अखबार के दो दिवसीय बिजनेस समिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद थे।

- 'हर सेक्टर में निवेश अनुकूल माहौल बनाने के लिए राज्य सरकार कर रही सतत काम'
- 'अगले पांच वर्षों में राजस्थान बनेगा 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार उद्योगपतियों के लिए निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने तथा हर सेक्टर में निवेश को आकर्षित करने के लिए दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य को आर्थिक विकास और निवेश के हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा गुरूवार को जयपुर में आयोजित दो दिवसीय एक आर्थिक अखबार के बिजनेस समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समिट के आयोजन से विचारों का आदान-प्रदान कर अवसरों की पहचान की जाएगी तथा नई-नई साझेदारियां बनाई जाएंगी। उन्होंने आशा जताई कि इस दो दिवसीय समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए सकारात्मक सुझाव प्राप्त होंगे जिस पर अमल कर राजस्थान देश के अग्रणी प्रदेशों में शुमार हो सकेगा तथा 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के विजन को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक फिल्म निर्माता ने राजस्थान में फिल्मसिटी की जरूरत के बारे में बताया तो सरकार द्वारा चार घंटों में ही जमीन चिन्हित कर उसके आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। हमारी सरकार महीनों और दिनों में नहीं घंटों में राज्य के विकास के लिए निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उद्यिमयों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू कर ज्वाइंट वेंचर बनाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारी सरकार केवल एमओयू साइन करने में ही नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने में विश्वास रखती है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को लाभदायक माहौल देने के लिए लगातार नई नीतियां बनाई जा रही हैं। राजस्थान औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन योजना, निर्यात प्रोत्साहन योजना, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस नीति, डेटा सेंटर नीति और एमएसएमई नीति इसी दिशा में हमारे ठोस प्रयासों का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी से औद्योगिक विकास को गति मिलती है। पीपीपी मॉडल से बड़ी औद्योगिक परियोजना एवं सुदृढ आधारभूत ढांचे के विजन को पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज निवेश पोर्टल के माध्यम से अब कोई भी निवेशक दुनिया के किसी कोने से प्रदेश में निवेश के लिए आवेदन कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा राज्य है तथा आर्थिक दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य में सोना, लौह अयस्क, कच्चा तेल, प्राकृतिक स्टोन, यूरेनियम और लिथियम जैसे खनिज संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही, राजस्थान मसालों, सुगंधित फसलों एवं मोटे अनाज के उत्पादन में अग्रणी हैं। अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियां से उद्योगपतियों के लिए यहां निवेश करना फायदेमंद साबित होगा।

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों को अनुकूल वातावरण देने के लिए 9 से 11 दिसम्बर तक 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा आयोजन को सफल बनाने और दुनिया भर के उद्यिमयों को इससे जोड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर रोड शो और इन्वेस्टर मीटिंग का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में मुंबई में आयोजित पहले इन्वेस्टर मीट में निवेशकों का अपार उत्साह देखने को मिला और इसमें 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्ट अप इंडिया जैसे अनेक ऐसे कार्यक्रम संचालित किए हैं जिससे देश में औद्योगिक विकास बढ़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गत 8 माह में उद्योगपतियों के लिए निवेश का अनुकूल माहौल तैयार किया जा रहा है।

इस दौरान आयोजकों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप दिए। मुख्यमंत्री ने आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा उद्योगों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यक्रमों तथा नवाचारों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में इकोनोमिक टाइम्स बिजनेस हैड अमित कुमार गुप्ता, गूगल क्लाउड इंडिया हैड लोकेश लोहिया, सीईओ सीमेंट बिजनेस अडानी ग्रुप अजय कपूर, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन संजय स्वरूप ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उद्यमी एवं निवेशक उपस्थित रहे।

# तेज बारिश से जयपुर में सड़कें लबालब, देर रात तक ट्रेफिक जाम में फंसे रहे लोग



बारिश के बाद सीकर रोड मुरलीपुरा में केडिया पैलेस रोड पर पानी भर गया।

- मौसम विभाग ने 6 से 9 सितंबर तक पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी
- टूटी सड़कों और बड़े-बड़े गड्ढ़ों में हिचकोले खाते हुए रेंगते रहे वाहन, कई दुपहिया चालक फिसले

**जयपुर।** तेज बारिश से गुरूवार शाम जयपुर की सड़कें एक बार फिर लबालब होकर नदी की तरह बही। शाम करीब 5 बजे से देर रात तक कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश का दौर चलता रहा। टूटी सड़कों और उनमें हो रहे बड़े-बड़े खड्ढ़ों में वाहन रेंगते हुए आगे बढ़े। जलभराव के कारण सीकर रोड, कालवाड व निवारू रोड, कलेक्ट्री, पानीपेच, 22 गोदाम, अजमेर पुलिया, जयपुर परकोटे समेत अधिकांश इलाकों में आवाजाही ठप्प हो गयी। ट्रेफिक जाम के कारण देर रात तक सड़कों पर वाहनों का रैला लगा रहा। सड़कों पर भरे बारिश के पानी में कई दुपहिया वाहन चालक फिसलकर भी गिरे।

दरअसल मंगलवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर थम-थमकर जारी है। बुधवार देर रात से गुरूवार अलसुबह तक बारिश हुई। इसके बाद शहर के अलग-अलग हिस्सों में कभी तेज को कभी बूंदाबांदी हुई। शाम करीब 5 बजे बाद आसमां में अचानक बादलों की आवाजाही बढ़ी और देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हुई। जयपुर परकोटे से लेकर एम.आई.रोड, सीकर रोड, 14 नंबर पुलिया, ढहर के बालाजी और चौमूं पुलिया समेत शहर के तमाम इलाकों की मुख्य सड़कें नदी की तरह बहती नजर आयी। तेज बारिश के कारण वाहनों की आवाजाही भी अवरूद्ध हो गयी और ट्रेफिक जाम के हालात बन गए, जो देर रात तक बने रहे।

वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश में 6 से 9 सितंबर तक पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। देखा जाए तो इस बार मानसून में अब तक 595.23 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य वर्षा से 58.62 प्रतिशत ज्यादा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले चार-पांच दिन तक पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में मानसून के सक्रिय रहने तथा कहीं कहीं भारी वर्षा की गतिविधियां जारी रहने की प्रबल संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक 6 व 7 सितंबर को बांसवाड़ा, बारां, बूंदी, चित्तौडगढ़, डूंगरपुर,झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सिरोही, उदयपुर और जालोर जिले में भारी बरसात की संभावना है। करौली में 6 सितंबर को भारी बारिश की चेतावनी दी गई हैं। पूर्वी राजस्थान में 6 से 10 सितंबर तक कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर एवं जयपुर संभागों में अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। जबकि पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर व जोधपुर संभागों में 6-7 सितंबर को कुछ स्थानों एवं 8 से 10 सितंबर तक कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। हालांकि प्रदेश के गंगानगर, झुंझुनूं, बीकानेर, चुरु, हनुमानगढ एवं जैसलमेर जिले में 6 व 7 सितंबर को कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो मध्यप्रदेश के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र आज कमजोर होकर साइक्लोनिक सर्कुलेशन में परिवर्तित हो चुका है तथा वर्तमान में दक्षिण पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र के ऊपर अवस्थित हैं। एक और नया कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में आगामी 24 घंटे में बनने की संभावना है।

## 'प्लान बताए जेडीए'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी के सामुदायिक केन्द्र के भवन में पीआरएन का जोन ऑफिस खोलने को चुनौती देने के मामले में जेडीए से कहा है कि वह इस ऑफिस को शिफ्ट करने का प्लान दें और बताएं कि इसे कहां शिफ्ट किया जाएगा। वहीं राज्य सरकार को भी कहा है कि वह भी जोन ऑफिस के लिए जेडीए को जगह मुहैया कराए। इसके साथ ही मामले में प्रार्थी पक्ष से भी प्रति जवाब देने के लिए कहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश श्याम सुंदर शर्मा व अन्य की पीआईएल पर दिया।

सुनवाई के दौरान जेडीए के अधिवक्ता अमित कुड़ी ने बताया कि इस मामले में जेडीए ट्रिब्यूनल में दायर रेफरेंस खारिज हो चुका है।

# एक्मे स्कूल, अजमेर के 12वीं के छात्रों को बोर्ड के फार्म भरने पर असमंजस की स्थिति रहीं

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में श्रीनगर पंचायत समिति, चाचियावास, अजमेर में स्थित एक्मे एकेडमी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की मैनेजमेंट समिति ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक व माध्यमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी, अजमेर के खिलाफ याचिका दायर की क्योंकि इस स्कूल को माध्यमिक शिक्षा स्तर की घोषित किये जाने के बावजूद शिक्षा बोर्ड द्वारा उसे पोर्टल पर लॉगिन नहीं दिया जा रहा जिससे वह स्कूल में 12वीं में पढ़ रहे छात्रों के लिये परीक्षा फार्म डाउनलोड कर सके। स्कूल की ओर से अदालत को बताया गया कि स्कूल की ओर से फार्म सबमिट करने की अंतिम तारीख पांच सितम्बर है, इसलिये अदालत बोर्ड को आदेश दे कि वो स्कूल को पोर्टल को लॉगिन करने दें और वे बच्चों के परीक्षा फार्म भर सके। न्यायाधीश सुदेश बंसल की एकलपीठ ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को आदेश दिये कि वह तुरंत स्कूल को फार्म भरने की अनुमति दें और वे पोर्टल पर लॉगिन करने की सुविधा भी दें। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के वकील अदालत में उपस्थित हैं, इसलिये वह सुनिश्चित करें कि बोर्ड पांच सितम्बर से स्कूल को छात्रों के फार्म अपलोड करने की सुविधा स्कूल को मिले। अदालत ने यह आदेश 4 सितम्बर को दिये थे, परंतु इस आदेश की लिखित कॉपी पांच सितम्बर को ही अपलोड की गई थी।

- अदालत ने बोर्ड के वकील को 4 सितम्बर को कहा था कि वह सुनिश्चित करें कि पांच सितम्बर को स्कूल की समिति को छात्रों के बोर्ड के फार्म अपलोड करने के लिये माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पोर्टल का पासवर्ड प्रदान करें, जबकि आदेश एक दिन बाद अपलोड हुआ
- उल्लेखनीय है कि पांच सितम्बर को बोर्ड फार्म अपलोड करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी

इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुनील समदड़िया अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल संस्थान को अकादमिक सत्र 2024-25 में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाने की अनुमति मिली थी, परंतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12 अप्रेल 2024 को उनके द्वारा दी गई यह अनुमति को वापस ले लिया था। इसके बाद उनके मुवक्किल ने 12 अप्रेल के इस आदेश को अदालत में चुनौती दी थी और 12 जुलाई को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्वीकृति वापस लेने के आदेश पर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगाई। समदड़िया ने अदालत को बताया कि अंतरिम रोक लगाने के बाद भी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूल को लॉगिन पासवर्ड नहीं दिया है जिससे वे बच्चों के फार्म भर सकें। हाईकोर्ट ने ना केवल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्कूल के बच्चों के फार्म भरने की अनुमति दी है बल्कि कहा है कि बोर्ड अदालती आदेशों की पालना करवाये। अदालत ने बोर्ड के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने के मामले और स्कूल को फार्म अपलोड करने के लिये दायर रिट याचिका को साथ में सुनने के आदेश भी दिये।



भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने गुरूवार को उज्जैन ( मध्यप्रदेश ) में श्री बाबा महाकाल के दर्शन कर प्रदेश एवं देश के कल्याण और उन्नति की कामना की।

# अजमेर में 1992 के सामूहिक बलात्कार कांड के विरोध में सर्व हिन्दू समाज का धरना

**जयपुर।** अजमेर में 1992 के सामूहिक बलात्कार और ब्लैकमेलिंग कांड के विरोध में सर्व हिन्दू समाज की ओर से सोडाला चौराहे पर गुरुवार शाम को सामूहिक धरना दिया गया।

हिन्दू जागरण मंच के सतीश अग्रवाल ने कहा कि इस बलात्कार कांड में अजमेर दरगाह के खादिम चिस्ती परिवार के बच्चे तथा कांग्रेस के दो बड़े नेता इस में सीधे-सीधे शामिल थे।

उसकी वजह से यह सारे बलात्कार कांड में जांच और पूरी गिरफ्तारियां नहीं हुई इस कांड के अंदर उस वक्त 300 से ज्यादा हिंदू लड़कियां के साथ बलात्कार हुआ और उनको ब्लैकमेल किया गया उनके माध्यम से एक से दूसरी लड़कियों को कड़ी करके बुलाया गया और बाद में उनमें से कई लड़कियां पागलपन का शिकार हो गई, 32 साल बाद भी जब न्याय की बात आई तो कुछ दो-चार लोगों को सिर्फ आजीवन कारावास की सजा दी गई है, जबकी अन्य आरोपी अभी भी खुले घूम रहे हैं।

## नाटक "दरया" का मंचन आज

**जयपुर।** द मिस्टेकर्स की ओर से 6 सितंबर को शाम साढ़े 6 बजे रविन्द्र मंच के मिनी ऑडिटोरियम में नाटक 'दरया' का मंचन होगा।

रंजना चौधरी द्वारा निर्मित और लोकेश राज कुमार द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक "दरया" प्रेम-पिया नामक एक जोड़े की कहानी है।

प्रेम थिएटर कम्युनिटी में अपना नाम और जगह बनाने की कोशिश में एक नाटक तैयार करना चाहता है। प्रेम के नाटक का नाम है "दरया" जो हीर-रांझा, रोमियो-जूलिएट और लैला-मजनू की कहानी है।

लेकिन उसी दौरान पिया को आने वाले कुछ दिनों में ही मुम्बई जाना है, अपने मॉडलिंग के सपने को साकार करने। क्या प्रेम पिया के साथ मुम्बई जाएगा? क्या प्रेम नाटक कर पिया को "दरया" वाला प्यार समझा पायेगा?

## आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने रचा कीर्तिमान

**जयपुर।** आई.सी.आई.सी.आई. प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। गत 31 जुलाई 2024 तक कंपनी का एयूएम 3.14 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

अनूप बागची, एमडी और सीईओ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, "एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए की उपलब्धि हासिल करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारे उत्पादों के प्रति ग्राहकों की पसंद को दर्शाता है। साथ ही, उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के रूप में हम पर उनके भरोसे को भी उजागर करता है। हमने अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर हमारे एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि की है।"

# जवाहर कला केंद्र में 6-8 सितंबर तक होगा 'सुर-ताल'

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार से तीन दिनों तक हवेली संगीत, कोरियोग्राफ्ड नृत्य, शास्त्रीय गायन, ओडिसी नृत्य और गजल गायन से जहां एक ओर सुरों की महफिल सजेगी तो वहीं दूसरी ओर नृत्य की ताल दर्शकों को रोमांचित करेगी ।

- संगीत, नृत्य उत्सव और फ़ोटोग्राफ़ी से सजेगा जेकेके
- हवेली संगीत, कोरियोग्राफ्ड नृत्य, शास्त्रीय गायन, ओडिसी नृत्य, ग़ज़ल गायन से सराबोर होंगे जयपुरवासी



मौका है डेल्फिक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के संयुक्त तत्वाधान में एवं जवाहर कला केंद्र के सहयोग से 6 से 8 सितंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उत्सव सुर ताल का। जवाहर कला केंद्र के रंगायन और कृष्णायन में आयोजित होने वाले इस उत्सव की शुरुआत शुक्रवार, 6 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे कृष्णायन सभागार में होगी।

डेल्फिक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि सुरताल उत्सव में तीन दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी जिसमें मुंबई के प्रसिद्ध फोटोग्राफर शिरीष कर्नाले फोटोग्राफी के गुर सिखाएंगे। फोटोग्राफी कार्यशाला में अभ्यास आधारित प्रैक्टिकल सेशन होंगे और प्रतिभागी फोटोग्राफी के नए-नए पहलू सीखेंगे।

गुहा ने बताया कि सुर ताल उत्सव के पहले दिन (6 सितंबर) शाम 6.30 बजे आचार्य स्वामी गुरु रणछोड़लाल के हवेली संगीत से कार्यक्रम आरंभ होगा। उसके बाद दिल्ली के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर संतोष नायर के 30 सदस्यीय दल द्वारा विभिन्न नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। उत्सव के दूसरे दिन 7 सितंबर को जयपुर के ही शास्त्रीय गायक सौरव वशिष्ट की प्रस्तुति होगी। उसके बाद उदयपुर के ओडिसी गुरु कृष्णेनेंदु साहा के दल द्वारा ओडिसी नृत्य की कलात्मक प्रस्तुति होगी ।

सुर ताल के अंतिम दिवस 8 सितंबर को ग़ज़ल की प्रस्तुति होगी। जिसमें डॉ प्रेम भंडारी, डॉ देवेंद्र हिरण व डॉ पामिल मोदी द्वारा ग़ज़लों की प्रस्तुति दी जाएगी । डॉ प्रेम भंडारी कवि और शायर होने के साथ साथ संगीत निर्देशक भी हैं। रंगायन में कार्यक्रम का समय शाम 6.30 रहेगा तथा प्रवेश निःशुल्क होगा।

## पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-1 महानगर द्वितीय ने प्रेम संबंधों में आड़े आ रहे पति की गला घोटकर हत्या करने वाली उसकी पत्नी मंजू ओझा और प्रेमी बीरेष ओझा उर्फ सोनी ओझा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल 16 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी बीएल चंदेल ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त मृतक की पत्नी है और दूसरा अभियुक्त उसका पड़ोसी है। दोनों अभियुक्तों ने अपने संबंधों के चलते उसकी हत्या की है। ऐसे में अभियुक्तों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक साजिया खान ने अदालत को बताया कि 27 अप्रैल, 2021 को राजकुमार ने कालवाड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसका छोटा भाई राकेश अपनी पत्नी मंजू व तीन संतानों के साथ तीजा नगर में रहता है। उसके पास 21 अप्रैल की सुबह चचेरे भाई का फोन आया कि राकेश को कुछ हो गया है। जब वह वहां पहुंचा तो राकेश की लाश फर्श पर पड़ी थी और गले में फांसी के निशान थे। उसकी पत्नी से पूछा तो उसने बताया कि रात को राकेश ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# राहुल की तलाश के लिए नाहरगढ़ की पहाड़ियों में हेलिकॉप्टर सर्च ऑपरेशन

- लापता युवक राहुल की कॉल डिटेल में किसी लड़की का नंबर मिला है, पुलिस इसकी भी जांच में जुटी
- 18 पुलिसकर्मियों की एस.आई.टी. मामले की जांच कर रही है, परिजनों ने जिन लोगों पर शक जताया है, उनकी भी जांच करेगी पुलिस

**जयपुर।** शास्त्री नगर इलाके से नाहरगढ़ के चरण मंदिर घूमने जाने की कहकर निकले दो भाइयों में से छोटे आशीष पाराशर का शव पहाड़ियों पर मिला था, लेकिन बड़ा भाई राहुल अभी लापता है। बीते चार दिन से चल रहे सर्च के बाद भी राहुल का पता नहीं लग पाया है। गुरुवार को आशीष के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं राहुल की तलाश के लिए हेलीकॉप्टर भी बुलाया गया। दोपहर करीब 1 बजे जयपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर ने उडान भरी थी और 2 बजे तक नाहरगढ़ की पहाड़ियों और आस-पास में सर्च किया।इस मामले में पुलिस ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को राहुल की कॉल डिटेल से बड़ा इनपुट हाथ लगा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार राहुल के कॉल डिटेल से एक लड़की का नंबर सामने आया है। उससे हादसे वाले दिन भी बात हुई थी।

राहुल व आशीष के परिजनों ने भी कुछ लोगों पर शक भी जताया है। ऐसे में एसआईटी उन सभी लोगों की भूमिका की जांच करेगी। इसके अलावा जिस फाइनेंस कंपनी में दोनों भाई जॉब करते थे, वहां के कर्मचारियों और उनके जॉब को लेकर भी जांच की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जब राहुल और आशीष की कॉल डिटेल खंगाली तो सामने आया कि हादसे वाले दिन आशीष ने अपनी मां को कॉल करने के बाद नाहरगढ़ के गार्ड को भी कॉल किया था। बताया था कि वह रास्ता भटक गया है। राहुल के मोबाइल से एक लड़की का भी नंबर मिला है। बताया जा रहा है कि हादसे वाले दिन राहुल की इस लड़की से भी बात हुई थी। पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर भी अपने जांच को आगे बढ़ा रही है। इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए एडिशनल कमिश्नर क्राइम कैलाश बिश्नोई ने 18 पुलिसकर्मियों की एसआईटी का गठन किया है। इसमें एडिशनल डीसीपी बजरंग सिंह, एसीपी भोपाल सिंह भाटी, अनूप सिंह, चन्द्र प्रकाश, इंस्पेक्टर भवानी सिंह, दलबीर सिंह, कैलाश चन्द्र, ईश्वर चंद, देवेन्द्र प्रताप वर्मा, राकेश ख्यालिया, धर्म सिंह, एसआई राजेश कुमार, भंवर सिंह, एएसआई प्रकाश चन्द,कॉन्स्टेबल, कुलदीप, कालूराम, रोहिताश कुमार व राकेश कुमार को शामिल किया है।

यह एसआईटी दोनों भाइयों की कॉल डिटेल व सीडीआर का एनालिसिस, लापता राहुल की तलाश के लिए प्लानिंग, मृतक आशीष की मौत के संबंध में जांच करेंगे। इस एसआईटी के लिए एडिशनल डीसीपी संगठित अपराध, एडिशनल डीसीपी पुलिस लाइन और नॉर्थ व वेस्ट जिले की एएचटीयू शाखा को निर्देश दिए गए है। एसआईटी रोजाना जांच रिपोर्ट देगी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आशीष का फोन रास्ता भटकने के बाद 12 घंटे से ज्यादा समय तक चालू था। रास्ता भटकने की सूचना दोपहर करीब 12 बजे की थी। उसकी लोकेशन लगातार ट्रेस हो रही थी। उसी लोकेशन के आधार पर पुलिस सोमवार की सुबह 6 बजे पहुंची तो आशीष की डेड बॉडी मिली। आशीष का मोबाइल डेड बॉडी मिलने से कुछ घंटे पहले ही बंद हुआ था। राहुल का मोबाइल जल्दी बंद हो गया था।

## तेज रफ्तार ट्रक ने छात्रों को कुचला

**जयपुर।** गोनेर रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार छात्र रोहित शर्मा की मौत हो गई, जबकि उसका साथी राहुल शर्मा गंभीर घायल हो गया। घायल छात्र का अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे के बाद आक्रोशित भीड़ ने रास्ता जाम कर प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग की। सूचना पर मौके पर पहुंचकर खोह नागोरियान थाना पुलिस ने लोगो को समझाबुझाकर शांत किया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया। दोनों छात्र शिक्षक दिवस पर अध्यापक के लिए गिफ्ट और केक लेकर लौट रहे थे।

## 136 शिक्षकों को सम्मानित किया

**सीकर,** (निसं)। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ ने अजीतगढ पीजी कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय विशिष्ट शिक्षक अलंकरण समारोह 2024 आयोजित कर शैक्षिक एवं भौतिक उन्नयन के कार्यों में विशेष योगदान देने वाले 136 शिक्षकों को सम्मानित किया।

समारोह में श्रीमाधोपुर तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा मुख्य अतिथि, सोसायटी के उप संरक्षक सदस्य विजय यादव अध्यक्ष, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा, पंचायत समिति अजीतगढ़ के प्रधान एडवोकेट शंकर लाल यादव, अजीतगढ़ पुलिस उप अधीक्षक उमेश गुप्ता, श्रीमाधोपुर आबकारी निरीक्षक हजारी लाल मीणा, गणपत राम मेमोरियल शिक्षा समिति की परमेश्वरी देवी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचस्थ रहे। मुख्य अतिथि तहसीलदार बैरवा ने कहा कि शिक्षक शिष्टाचार रखते हुए क्षमाशील रहकर कर्तव्य निभाता है। आज के दिन विशिष्ट सेवाओं में इनका सम्मान आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि अजीतगढ़ प्रधान ने कहा कि शिक्षक सभी जगह सम्मान का पात्र हैं। विद्यार्थियों का सही और उचित मार्गदर्शन देना ही शिक्षक का मूल ध्येय होना चाहिए। मुख्य वक्ता सोसायटी के जिला सदस्य दिनेश गोविंद शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने और विषम परिस्थितियों में जीने की कला सिखाता है । विनम्रता और अनुशासन शिक्षक का मुख्य गुण होना चाहिए।

# चनाना में तीन हजार महिलाओं ने एक साथ भाजपा की सदस्यता ली

**झुंझुनूं,** (निसं)। पूरे देश में भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। इसी क्रम में झुंझुनूं के चनाना गांव में भी गुरूवार को अनूठे अंदाज में झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में इस अभियान का आगाज किया गया। चनाना गांव में हुए नारी शक्ति वंदन एवं सदस्यता सम्मेलन में क्षेत्र की तीन हजार महिलाओं ने एक साथ पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा नेता बबलू चौधरी के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी थे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने की।

कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर श्रवण सिंह बगड़ी, बनवारीलाल सैनी तथा बबलू चौधरी का स्वागत किया गया। इस मौके पर मिस्ड कॉल से सम्मेलन में मौजूद करीब तीन हजार महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ली और फिर हाथों से मोबाइल उपर करके और भी सदस्य बनाने का संकल्प लिया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि माता पूजनीय होती है। झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता बबलू चौधरी के संयोजन में जो



चनाना गांव में हुए नारी शक्ति वंदन एवं सदस्यता सम्मेलन में क्षेत्र की तीन हजार महिलाओं ने एक साथ भाजपा पार्टी की सदस्यता ली।

शक्ति वंदन व सदस्यता सम्मेलन हुआ है। यह वास्तव में शानदार आयोजन है। इस आयोजन के बाद वे भी दावे के साथ कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में सवा करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है, वो पूरा होगा। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम को देखकर हमारा हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। वो तीन गुना तक जाएगा। उन्होंने इस आयोजन के लिए भाजपा नेता बबलू चौधरी और उनकी टीम का आभार जताया। बबलू चौधरी ने बताया कि चनाना और आस-पास के गांवों की तीन हजार महिलाओं को आज भाजपा की सदस्यता दिलवाई गई है। भाजपा का सदस्यता अभियान एक उत्सव की रूप में मनाया जा रहा है। हर एक व्यक्ति, जो भाजपा परिवार का सदस्य बन रहा है। वह उत्सव के रूप में अपनी सदस्यता को देख रहा है। भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश

- **भाजपा नेता बबलू चौधरी के संयोजन में हुआ कार्यक्रम, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी समेत भाजपा नेताओं ने की तारीफ**

गजराज ने बताया कि कार्यक्रम में आई महिलाओं ने उत्साह के साथ बबलू चौधरी को रक्षा सूत्र बांधा।

बबलू चौधरी द्वारा मौजूद महिलाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए छायादार व फलदार पौधे भी वितरण किए गए। चिड़ावा पंचायत समिति सदस्य मधु झाझड़िया के सानिध्य में महिलाओं द्वारा प्रदेश महामंत्री का सम्मान किया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सुमन देवी, माया देवी, सुमन कुमारी, सुमित्रा, कमला, सरोज, सुशीला, प्रतिज्ञा, अनार देवी, पुष्पा कुमारी, पुष्पा जांगिड़, ममता, रेणुका, सरोज, रेणुका, संगीता, सावित्री, उर्मिला सहित हजारों की संख्या मे महिलाएं मौजूद थीं।

## सार-समाचार

### शिक्षकों को सम्मानित किया



**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि इस अवसर पर संस्थान परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर कक्षा 11 की छात्रा साधना ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षक हमें हर समय कर्तव्य पथ पर चलने का गुरु मंत्र देते हैं। वहीं छात्रा सारिका ने कहा कि शिक्षक हमारा भविष्य निर्माता होता है। इसी के साथ साक्षी ने भी शिक्षक को चरित्र निर्माता कह कर अपने विचार रखे। इस अवसर पर संस्थान द्वारा सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें 186 शिक्षकों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इसी के साथ प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को अपनाने व उन पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल महेंद्र सैनी तथा सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### डिफेंस पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। न्यू कॉलानी में स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन डॉ. गुलझारीलाल कालेर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर तथा मां के चरणों में पुष्प अर्पित कर की तथा देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की। विद्यालय के स्टाफ ने चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर को साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला तथा जीवन में शिक्षक के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों को माल्यार्पण एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को उनका छाया चित्र भेंटकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे उपने अध्यापकों का सम्मान करें व उनसे ज्ञान अर्जित करते रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन एवं प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले व अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण कर उन्हें शुभाशीर्वाद प्रदान किया।

### शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला

**बीदासर,** (निसं)। पीएम श्री धापू देवी चौरडिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बीदासर में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य राकेश सोहू ने समाज में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के भविष्य निर्माण में अध्यापकों की महती भूमिका होती है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जबकि छात्रों के दिग्भ्रमित होने की संभावना ज्यादा है, तब शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जैसी शिक्षकों की सोच होगी, वैसा ही देश का भविष्य निर्माण होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के वली मोहम्मद, सुरेश कुमार जानू, अमित कुमार दर्जी, मनोज कुमार, अमरदीप, निर्मला चैधरी, बिमला कोका, किरण गुर्जर, सांवरमल प्रजापत सहित संपूर्ण स्टाफ को भामाशाहों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक व मनोरंजक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़, पार्षद सदीक मोहम्मद ईरानी, विमल टेलर, रामनारायण पूनिया, मालचंद दर्जी, विजय सिंह दर्जी ने शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन कस्तूरी शर्मा, वर्षा प्रजापत सहित छात्राओं के समूह द्वारा किया गया।

### शस्त्रचण्डी महारूद्र यज्ञ का शुभारम्भ

**चूरू,** (निसं)। स्थानीय श्री राम मन्दिर में व्यापार बढ़ोतरी के लिए छः दिवसीय शस्त्रचण्डी व महारूद्र यज्ञ गुरूवार को पूजा अर्चना कर शुरू किया गया। आयोजन समिति के योगेश गौड़ ने बताया कि इस दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन किये जायेंगे। गुरूवार को प्रथम दिन मुख्य यजमान हुकमीचन्द लोहिया, जगदीश प्रसाद सराफ, नवरतन नवहाल, हितेश बाजोरिया, राकेश दाधीच, मनोज पिथिसरिया, मनीष जालान, प्रधुम्मन गौड़, चेतन गौड़, राजेश मण्डावेवाला व रतन बजाज ने सपत्निक पूजा अर्चना कर यज्ञ में आहुति दी। इस अवसर पर गणेश पुजा, षोड्स मात्रिका पुजन, सर्वतो भद्र मण्डल पुजन किया गया। इस अवसर पर रूकमणी मंगल दिव्य कथा पण्डित विजय कृष्ण व्यास के द्वारा की जा रही है। इस कथा के प्रथम दिन भगवान कृष्ण के प्राकटय उत्सव, मथुरा, वृद्वावन एवं द्वारिका वास की कथा का वाचन किया गया। जिसमें भगवान कृष्ण के विभिन्न कलाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने पुजा-अर्चना कर क्षेत्र के कल्याण की कामना की।

### कलश यात्रा निकाली

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के वार्ड 5 में दलित समाजसेवी नौरतमल बाजीगर के सौजन्य से लोकदेवता बाबा रामदेव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को बाजीगर समाज ने कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का कस्बेवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। कलश यात्रा के वार्ड 5 स्थित प्राण प्रतिष्ठा स्थल पहुंचने पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नव निर्मित मंदिर में बाबा रामदेव मूर्ति की स्थापना की गई। वहीं कलश यात्रा में पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरधारीलाल महला, समाजसेवी जगदीश प्रसाद स्वामी, दलित नेता पूसाराम चौहान सहित कई लोगों ने शिरकत की।

## नौजवान सभा झुंझुनूं का पहला नगर सम्मलेन संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। गुरूवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा का झुंझुनूं नगर का पहला सम्मलेन शिक्षक भवन में संपन्न हुआ। जिसमें तहसील अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियान को तथा मोहम्मद सोहेल को महासचिव चुना गया। सर्वप्रथम सम्मेलन की विधिवत रूप से शुरुआत करते हुए निवर्तमान देश की सीमा पर शहीद हुए वीर जवानों तथा विभिन्न सांप्रदायिक हमलों मे मारे गए लोगों और हाल ही में देहांत हुए बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री कॉमरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया।

उद्घाटन भाषण देते हुए योगेश कटारिया ने नौजवान सभा के इतिहास के बारे में बताते हुए उद्देश्य और सिद्धांतों के बारे मे बताया और कहा कि इस देश के हर नौजवान को भारत की जनवादी नौजवान सभा से जुड़ना चाहिए और अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़नी चाहिए। अंत में 13 सदस्यों की

- **सिकंदर पहाड़ियान अध्यक्ष और मोहम्मद सोहेल महासचिव बने**

नगर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सिकंदर पहाड़ियान को अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल को महासचिव, सफीक खोखर को उपाध्यक्ष, अंकित सैनी को संयुक्त सचिव, साजिद पहाड़ियान को कोषाध्यक्ष, आर्यन, जाहिद, रेहान, दीपांशु जाटव, कुलदीप, प्रशांत, समीर खान, इरफ़ान को कमेटी का सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अज़हरुदीन गहलोत ने की। इस दौरान डीवाईएफआई तहसील उपाध्यक्ष तौफीक खोखर, तहसील संयुक्त सचिव इसरार खान, विनोद सैनी, साजिद मणियार, इमरान मणियार, जाहिद क़ायमखानी, फैजान आदि मौजूद रहे।

# 'वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत सरकार ने काम शुरू कर दिया है'

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म गुरूवार को झुंझुनूं के दौरे पर रहे। झुंझुनूं सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में बेढ़म का स्वागत किया गया। वहीं एसपी शरद चौधरी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी गृह राज्य मंत्री का स्वागत किया।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बेढ़म ने कहा कि प्रदेश के चर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड में एक आरोपी को जमानत मिली है। इस मामले में अध्ययन करवाया जाएगा। जिससे पता चल सके कि कहां पर खामी रही है। लेकिन वे आश्वस्त करना चाहते हैं कि कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत सरकार ने काम शुरू कर दिया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पंचायतों का



झुंझुनूं सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में जवाहर सिंह बेढ़म का स्वागत किया गया।

सत्यानाश कर दिया। किसी पंचायत का कार्यकाल 2024 में, किसी का 2025 तथा किसी का 2026 में पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री हर दो महीने में जो चुनाव की स्थितियां बन रही हैं उसको दूर कर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ करवाने का प्लान बना रहे हैं। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झुंझुनूं उप चुनावों में पार्टी अपने कामों के आधार पर चुनाव जीतेगी। कमल का फूल प्रत्याशी होगा। जिसके बाद सभी नेता-कार्यकर्ता एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव घोषणा के बाद पार्टी प्रत्याशी की घोषणा भी कर दी जाएगी। इससे पहले टोल बूथ पर भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां की

- **झुंझुनूं के दौरे पर रहे गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने पत्रकारों से बातचीत की**

अगुवाई में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का स्वागत किया गया। इधर, सर्किट हाउस में शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा एव नगर महामंत्री रवि लांबा की अगुवाई में शहर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री बेढ़म का दुपट्टा पहना, प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, जिला महामंत्री सरजीत, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, सुरेंद्र सिह छावसरी, प्रमोद जानूं, कुलदीप पूनियां, जयप्रकाश चौधरी, सुमेर कड़वासरा सहित भाजपा पदाधिकारी एव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 16 दिनों से चल रहा अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन समाप्त

**सादुलपुर,** (निसं) न्यायालय भवन राजगढ़ के सामने पार्किंग भूमि एवं जोहड पायतन की भूमि पर से अतिक्रमण को हटाने के बाद गत 16 दिनों से अधिवक्ताओं का चल रहा धरना, क्रमिक अनशन गुरुवार को सर्वसम्मत से निर्णय करने के बाद समाप्त कर दिया गया है।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि किसी गरीब और जरूरतमंद को उजाड़ने का उनका कोई मकसद या मंशा नहीं थी। लेकिन उच्चतम न्यायालय, भारत तथा उच्च न्यायालय, राजस्थान के आदेशों/निर्देशों के अनुसरण में भूमि को संरक्षित करवाया जाना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। वहीं अधिवक्ताओं ने झुग्गी बस्ती के लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बाद उनके लिए भोजन की भी व्यवस्था की। साथ ही झुग्गी बस्ती के लोगों के लिए निःशुल्क भूमि दान करने वाले समाज सेवी

- **न्यू कोर्ट भवन राजगढ के सामने से अतिक्रमण हटाया**

भामाशाह राकेश पूनिया का भी आभार जताया। इसके अलावा शांतिपूर्ण तरीके से अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन और पुलिस प्रशासन का भी आभार जताया गया। इस मौके पर आमरण अनशन पर बैठे अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास गुर्जर को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया गया। अभिभाषक संघ की ओर से 16 दिनों से चल रहे कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तथा धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक सिंह राठौड तथा संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश पूनिया ने बताया कि अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान भी अभिभाषक संघ के समस्त सदस्यों की ओर से मौका पर सम्बंधित व्यक्तियों को सामान आदि ले जाने के लिए वाहनों की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उनका सामान भी साथ लगकर रखवाया गया एवं दान दी गई भूमि पर उनके निवास के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं, साफ-सफाई, पीने का पानी, खाने आदि के इंतजाम करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण मुक्त किए गए स्थल पर सफाई प्रारंभ करवाई जाकर मौका पर कचरा आदि उठाये जाने की व्यवस्था प्रारंभ करवाई गई है एवं उक्त भूमि को सुरक्षित करवाया जाकर न्यायालय भवन के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित कर मौका पर कार्य प्रारंभ करवाया गया है।

## बच्ची को माता-पिता को सौंपा

**सीकर,** (निसं)। करीब डेढ़ माह पूर्व सरकारी जनाना अस्पताल के लेबर रूम में बच्चा बदलने के मामले की डीएनए रिपोर्ट आने के बाद गुरूवार को बाल कल्याण समिति ने बच्ची को उसके माता-पिता गुंगारा निवासी सुभिता व राजेश धायल के सुपुर्द किया गया।

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अंकुर बहड, सदस्य डॉ. पुष्पा सैनी व बिहारी लाल बालान ने संयुक्त रूप से बताया कि माता-पिता से बच्ची के देखभाल व संरक्षण का प्रार्थना पत्र व शपथ पत्र प्राप्त कर सुपुर्दगी के आदेश तैयार किए गए और बच्ची को सौंप दिया गया।

उन्होंने बताया कि समय-समय पर स्वास्थ्य व देखरेख संबंधी रिपोर्ट प्राप्त कर ली जाएगी। इस अवसर पर बाल संप्रेषण गृह अधीक्षक प्रमिला, शिशु गृह कोऑर्डिनेटर नरेश, देवीलाल, एएनएम कविता, संजू सहित स्टाफ सदस्य व बच्ची के परिजन मौजूद थे।

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों को जीवनरक्षक टीके लगाए

**सीकर,** (निसं)। चिकित्सा विभाग द्वारा गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर बीमारियों से बचाव के लिए जीवनरक्षक टीके लगाए। वहीं मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा माह के प्रत्येक गुरूवार को एमसीएचएन दिवस पर गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं को पोषण व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की जानकारी दी जाती। चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिला के शरीर में कैल्शियम व खून की कमी नहीं आए, इसके लिए आईएफए, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां दी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गढवाल ने बताया कि गुरूवार को जिले के 311 जगह पर टीकाकरण सेशन आयोजित किए गए। जिले में 350 टीकाकरण सेशन पर 1008 गर्भवती महिलाओं और 3608 बच्चों को जीवनरक्षक टीके लगाए गए। उन्होंने ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का दुगुना ध्यान रखना चाहिए और समय समय पर स्वास्थ्य की जांच तथा टीके लगवाने चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरूवार को बच्चों को पीलिया, टीबी, हैपेटाइटिस बी, गलघोंटू, काली खांसी, निमोनिया, टिटनेस, मेनिनजाइटिस खसरा और रूबले, रोटा, दस्त आदि रोगों से बचाव के लिए टीके लगाए।

# विधायक मोदी ने धांधेला ग्राम पंचायत के नए भवन का उद्घाटन किया

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत धांधेला के नए पंचायत भवन एवं मिनी सचिवालय का उद्घाटन नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी द्वारा किया गया। यह भवन मनरेगा के तहत 48 लाख की लागत से तैयार किया गया है। विधायक मोदी को रामलीला मैदान से कार्यक्रम स्थल तक डीजे की धुन पर लाया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछली सरकार में नई ग्राम पंचायत भी विधायक मोदी द्वारा ही बनवाई गई थी

- **भवन मनरेगा के तहत 48 लाख की लागत से तैयार किया गया है**

तथा भवन का उद्घाटन भी मोदी द्वारा ही किया गया है, यह एक संयोग की बात है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक मोदी ने कहा कि मैं आभार व्यक्त करता हूं धांधेला पंचायत के लोगों का जिन्होंने मुझे सर्वाधिक वोट



नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने धांधेला के नए पंचायत भवन का उद्घाटन किया।

देकर विजय बनाया है। पूर्व के पांच सालों में मेरे द्वारा सर्वाधिक कार्य करवाए गए थे, परंतु वर्तमान में भाजपा की सरकार है, फिर भी क्षेत्र में सर्वाधिक कार्य करवाए जाएंगे। पाटन में पहले कॉलेज बनी अब उसको क्रमोन्नत करवाया गया है ताकि बच्चों को अधर उधर भटकना नहीं पड़े। पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए अब कुंभाराम लिफ्ट परियोजना की बारी है, सरकार ने कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का काम करना शुरू कर दिया है, आगामी ढाई वर्ष बाद यमुना का पानी हमारे घर पर भी पहुंचेगा। सरकार नए जिलों को हटाने की बात कहती है, उनको मर्ज करना चाहते है, मैं विश्वास दिलाता हूं नीमकाथाना जिला किसी भी सूरत से नहीं हटेगा और अगर सरकार ने इसे हटाया तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे।

पूर्व सरपंच भोपाल सैनी ने कहा कि धांधेला को जो भी सौगात मिली है वह मोदी परिवार की ही देन है। पूर्व प्रधान कांता प्रसाद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नीमकाथाना में विकास को चार चांद लगे है, सर्वाधिक विकास कार्य विधायक मोदी के कार्यकाल में हुए है।

## किशन लाल राज्य स्तर पर सम्मानित

**सीकर,** (निसं)। शिक्षक दिवस पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा के सचिव, वरिष्ठ अध्यापक एवं स्काउट मास्टर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडी माधोपुरा किशन लाल सियाक को शिक्षक दिवस पर बिरला ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। सम्मान समारोह में पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रहे। शिक्षक दिवस 5 सितंबर को सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बेरवा, शिक्षा सचिव कृष्ण चंद्र कुणाल, शिक्षा निदेशक आशीष मोदी रहे। किशन लाल सियाक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडी माधोपुरा के वरिष्ठ अध्यापक को उनके उत्कृष्ट कार्य, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, भामाशाहों से विद्यालय में आर्थिक सहयोग, साहित्य लेखन , राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहयोग एवं भारत स्काउट गाइड आंदोलन में लगातार 22 साल से उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए प्रतीक चिह्न, शाल, श्रीफल एवं नगद पुरस्कार से नवाजा गया।

# जन जागृति अभियान के तहत निःशुल्क हेलमेट बांटे

**झुंझुनू,** (निसं)। शहर की एक नंबर रोड़ पर साहवो वाले कुएं के पास गुरुवार को जन जागृति अभियान के तहत आठवां निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झुंझुनूं नागरिक मंच के संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि झुंझुनूं नागरिक मंच एवं डब्ल्यू शॉप के संयुक्त तत्वावधान में डब्लू शर्मा के सौजन्य से स्व. सत्यनारायण शर्मा की स्मृति में 51 हेलमेट का वितरण किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि , भाजपा प्रदेश प्रमुख महामंत्री श्रवण

- **सड़क हादसों में कमी लाने के लिये जागरूक बनने का दिया संदेश**

सिंह बगड़ी, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, वरिष्ठ दंत विशेषज्ञ डॉक्टर संजय कटेवा, ट्रैफिक इंचार्ज हरफूल सिंह मीणा ने वहां से बिना हेलमेट गुजरने वाले मोटर साइकिल व स्कूटर चालकों को समझाइश करते हुए निशुल्क हेलमेट वितरित किए। ट्रैफिक



डब्लू शर्मा के सौजन्य से स्व. सत्यनारायण शर्मा की स्मृति में 51 हेलमेट वितरण किये।

इंचार्ज हरफूल सिंह मीणा ने कहा कि किसी कारणवश कोई दुर्घटना हो जाती है तो पूरे परिवार को असहनीय पीड़ा को झेलना पड़ता है। ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए । हेलमेट को बोझ न समझें, यह आपकी सुरक्षा के लिए है। इस तरह समझाइश करते हुए लोगों को जागरूक बनने का संदेश देकर अतिथियों ने दुपहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल एवं एक हेलमेट दिया। इस अवसर पर अक्षय शर्मा, आशीष शर्मा,राजकुमार मोरवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, भाजपा नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, नागरिक मंच उपाध्यक्ष रामगोपाल महमिया, गुलजारीलाल शर्मा,अनिल जांगिड़, शिक्षक सुरेंद्र शर्मा, पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, ट्रैफिक व्यवस्था की कांस्टेबल किरण सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।




"हम अपनी घरेलू धरती पर प्रत्येक मैच में जीत हासिल करना चाहते हैं और हम यह भी जानते हैं कि भारत की टीम काफी मजबूत है।" भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी पहले जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है।

- मिशेल स्टार्क

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **बेन स्टोक्स**



इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने हाल ही में अपने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद की अपनी योजनाओं के बारे में बताया। बेन स्टोक्स का मानना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद वो कोच बनने की राह पर आगे बढ़ सकते हैं। बता दें कि, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यही किया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के करीब 6 साल बाद ब्रेंडन मैकुलम को टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# कपिल परमार ने जूडो में जीता ब्रॉन्ज, भारत के खाते में आया 25वां मेडल

## मेंस क्लब थ्रो में धरमबीर ने गोल्ड तो प्रणव ने जीता सिल्वर

### एलिटन डी ओलिवेलिया को 33 सेकंड में इप्पन से मात दी



पेरिस, 5 सितंबर। पैरालंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को भारत को जूडो में भी मेडल मिला है। जहां कपिल परमार ने पुरुषों के 60किलो 1 कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। कपिल ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में ब्राजील के एलिटन डी ओलिवेलिया को 33 सेकंड में इप्पन से मात दी। ये भारत का पेरिस पैरालंपिक में 25वां मेडल है।

पेरिस पैरालंपिक का सातवां दिन भारत केलिए बेहतरीन रहा। जहां भारत की झोली में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल आया, इसके साथ ही अब इंडिया के कुल 25 मेडल हो गए हैं। वहीं सातवां दिन खत्म होते होते मेंस क्लब थ्रो में धरमबीर ने गोल्ड तो प्रणव ने सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।

दरअसल, भारत ने क्लब थ्रो में डबल पोडियम फिनिश किया। जिसमें धरमबीर ने 34.92 मीटर के थ्रो करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। जबकि प्रणव सूरा ने 34.59 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता। भारत के ही अमित कुमार इस इवेंट में 10वें स्थान पर रहे। उनका इस इवेंट में सर्वश्रेष्ठ थ्रो 28.96 का रहा। बता दें कि, ये भारत का मौजूदा खेलों में पांचवां गोल्ड और 8वां सिल्वर है। इससे पहले भारत के तीरंदाज हरविंदर सिंह ने आर्चरी में इतिहास रचते हुए पैरालंपिक्स में पहला गोल्ड मेडल जीता है।

# दलिप ट्रॉफी 2024 में अक्षर पटेल का कमाल का प्रदर्शन

## फिफ्टी पूरी कर इंडिया-डी के लिए बने संकटमोचक




नई दिल्ली, 05 सितम्बर। दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले राउंड में आज इंडिया सी वर्सेस इंडिया डी के बीच मैच खेला जा रहा है। अनंतपुर में खेले जा रहे इस मैच में इंडिया डी को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला। जहां इंडिया सी के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर और इंडिया डी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। इंडिया डी की शुरुआत बेहद खराब रही और 48 रनों तक टीम ने 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद क्रीज पर आए अक्षर पटेल और उन्होंने साबित कर दिया कि क्यों उन्हें संकटमोचक कहा जाता है। अक्षर ने 118 गेंदों पर 86 रनों की पारी खेली।

एक समय तो ऐसा लगा रहा था इंडिया 100 रन भी नहीं बना पाएगा, लेकिन अक्षर की तेज तर्रार पारी ने स्कोरबोर्ज पर कम से कम पहली पारी में 150 से ज्यादा रन तो खड़े कर दिए। 74 गेंद पर जब अक्षर 37 रन बनाकर खेल रहे थे, उसके बाद उन्होंने छक्का, चौका और छक्का लगाकर अपना पचासा पूरा किया। 78 गेंद पर उनका स्कोर फिर 53 रन पहुंच गया।

अक्षर का साथ अर्शदीप सिंह ने भी निभाया, जिन्होंने 33 गेंदों पर 13 रन बनाए। अर्शदीप के अलावा श्रीकर भरत और सारांश जैन ने भी 13-14 रनों की पारियां खेलीं। अक्षर ने अपनी पारी के दौरान 118 गेंदों का सामना किया और इस दौरान उनके बल्ले से 6 चौके और इतने ही छक्के निकले। इंटरनेशनल क्रिकेट में भी अक्षर इस तरह की मुश्किल परिस्थितियों से टीम इंडिया को बाहर निकाल चुके हैं।

## विश्वकप एशियाई क्वालीफायर में जापान ने चीन को 7-0 से रौंदा

टोक्यो, 05 सितंबर। जापान की फुटबॉल टीम ने गुरुवार को फीफा विश्व कप एशियाई क्वालीफायर के तीसरे दौर के पहले मुकाबले में चीन को 7-0 से करारी शिकस्त दी है। आज जापान के मिडफील्डर वतारू एंडो ने हेडर से पहला गोल दाग और हाफटाइम से ठीक पहले काओरू मितोमा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे हाफ में ताकुमी मिनामिनो के लगातार दो गोल कर चीन की वापसी की उम्मीदों को तोड़ दिया। जुन्या इटो, डेज़ेन माएडा और टेकफुसा कुबो ने भी गोल किये। एशियाई क्वालीफायर के तीसरे दौर में 18 टीमें हैं जिन्हें तीन समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सीधे विश्वकप के लिए क्वालीफाई करेंगी। वहीं तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें प्लेऑफ में प्रवेश करेंगी। चीन को जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, बहरीन और इंडोनेशिया के साथ ग्रुप सी में है। आज खेले गये एक अन्य मुकाबले में बहरीन ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया। चीन की टीम 10 सितंबर को सऊदी अरब से भिड़ेगी।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी नॉमिनेट ही नहीं हुए

नयी दिल्ली 05 सितंबर। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और न ही लियोनेल मेसी 2024 में बैलन डी ओर पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 30 उम्मीदवारों की सूची में जगह नहीं बना पाए। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेत कप्तान लियोनेस मेसी ने किसी भी अन्य खिलाड़ी (2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 और 2023) की तुलना में सबसे अधिक बार बैलन डी ओर जीता है। लियोनेल मेसी को पिछले साल आठवीं बार विजेता घोषित किया गया था। तब उन्होंने 2022 के अंत में अर्जेंटीना को तीसरी बार विश्व कप में जीत दिलाई थी। पुर्तगाली दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पांच बार (2008, 2013, 2014, 2016 और 2017) ये पुस्कार जीता है। साल 2008 से 2017 के बीच 10 साल तक लगातार क्रिस्टियानो रोनाल्डो या लियोनेल मेसी के नाम ही ये खिताब रहा था। साल 2018 में क्रोशियाई फुटबॉलर लुका मोड्रिक ने ये पुस्कार जीता था।

## पूजा और हरविंदर पैरालंपिक तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में पहुंचें

पेरिस 05 सितंबर। भारत के हरविंदर सिंह और पूजा की तीरंदाजी मिश्रित टीम ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां हरविंदर सिंह और पूजा की जोड़ी ने रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की अमांडा जेनिंग्स और टेमोन केंटन-स्मिथ की जोड़ी को 5-4 से हराया।

## सिद्धार्थ बाबू और मोना अग्रवाल निशानेबाजी स्पर्धा में हारे

पेरिस 05 सितंबर। भारतीय निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू और मोना अग्रवाल का गुरुवार को मिश्रित 50 मीटर रायफल प्रोन एसएच 1 क्वालिफिकेशन हार के साथ पेरिस पैरालंपिक में अभियान समाप्त हो गया है। आज यहां हुये मुकाबले में सिद्धार्थ बाबू 615.8 अंक के साथ 22वें स्थान और मोना अग्रवाल 610.5 अंकों के साथ 30वें स्थान पर रहीं।

# पेरिस पैरालंपिक 2024 : चम्बल की पूजा और प्राची भारत को दिलाएगी गोल्ड





पेरिस, 05 सितंबर। पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत का अभी तक का प्रदर्शन कमाल का रहा है। भारतीय पैरा एथलीट्स शानदार प्रदर्शन कर अपने नाम मेडल कर रहे हैं। अभी तक भारत ने 24 मेडल जीत लिए हैं, जिसमें से 5 गोल्ड, 9 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज शामिल हैं। पैरा खिलाड़ियों के लिए जीत का राह आसान नहीं होती, प्रतिस्पर्धा में खुद को साबित करना उस खेल से भी बड़ी चुनौती होती है। जिसमें दूसरे खिलाड़ियों से आगे निकलना है। खासकर पानी से जुड़ा हुआ खेल अच्छे अच्छों के पसीना ला देता है। फिर कैनो जैसे खेल में पैरों से दिव्यांग खिलाड़ी बोट चलाकर रेस करते हैं, तो उनके हौसले कितने मजबूत होते हैं। इसी की मिसाल है प्राची यादव और पूजा ओझा।

चंबल की इन दो बेटियों के हौसले काफी मजबूत हैं जिससे वे दुनिया की सबसे अहम प्रतिस्पर्धा पेरिस में आयोजित पैरालंपिक खेलों तक पहुंच गई हैं। मध्य प्रदेश के चंबल अंचल की पूजा ओझा और प्राची यादव पैरालंपिक के कैनो खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी जो कि 6 सितंबर यानी शुक्रवार को खेला जाएगा।

पूजा और प्राची दोनों खिलाड़ी पैरों से दिव्यांग हैं, लेकिन जहां प्राची यादव अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भारत को 10 मेडल दिला चुकी हैं, इनमें गोल्ड मेडल की संख्या ज्यादा है। वहीं पूजा 6 इंटरनेशनल गोल्ड जीत चुकी हैं। इसके अलावा दो एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल और दो बार पैरा कैनो वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल ला चुकी हैं। अब इन दोनों खिलाड़ियों की नजर पेरिस पैरालंपिक में इतिहास रचने पर है।

# मुर्मु, धनखड़ और मोदी ने हरविंदर को गोल्ड जीतने पर दी बधाई

नयी दिल्ली 05 सितंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने पैरा एथलीट हरविंदर सिंह को पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व ओपन फाइनल तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।

राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पेरिस 2024 पैरालंपिक में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व पैरा तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर हरविंदर सिंह को मेरी हार्दिक बधाई। यह लगातार पैरालंपिक में हरविंदर का दूसरा पदक है और भारत के लिए पैरा तीरंदाजी में पहला स्वर्ण पदक है। जबरदस्त दबाव में उनका असाधारण प्रदर्शन प्रेरणादायक है। मेरी कामना है कि वह तिरंगे को और गौरवान्वित करें।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हरविंदर सिंह ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 में पैरा तीरंदाजी में इतिहास रचकर भारत को गौरवान्वित किया है। पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के लिए उन्हें हार्दिक बधाई। उनकी लगन और कड़ी मेहनत ने वाकई रंग दिखाया है। मैं उनके सभी आगामी प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक में हरविंदर को उनके बहुत खास स्वर्ण पदक सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, पैरा तीरंदाजी में एक बहुत ही खास स्वर्ण। पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतने के लिए हरविंदर सिंह को बधाई। उनकी सटीकता, फोकस और अटूट भावना शानदार है। भारत उनकी उपलब्धि से बहुत खुश है।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, हरविंदर सिंह ने पैरालंपिक 2024 में पैरा तीरंदाजी पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में बेजोड़ सटीकता के साथ स्वर्ण पदक जीता है। यह शानदार जीत उन्हें पैरा तीरंदाजी में पहला स्वर्ण पदक विजेता बनाती है, जो कि भारत में पैरा खेलों को आगे बढ़ाने के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण को दर्शाता है। उनकी उपलब्धि से यह साबित होता है कि दूरदर्शिता, ध्यान और अथक दृढ़ संकल्प सपनों को सुनहरे हकीकत में बदल सकते हैं।

## प्रो पंजा लीग का दूसरा सीजन चार अक्टूबर से

मुंबई 05 सितंबर। प्रो पंजा लीग के चार से 20 अक्टूबर तक चलने वाले दूसरे सीजन में देशभर से आयी छह टीमों में कुल 180 आर्म-रेसलर्स शामिल होंगे। इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए पुरुष, महिला और दिव्यांग वर्ग के आर्म-रेसलर्स प्रतिस्पर्धा करेंगे।

प्रो पंजा लीग की सह-स्थापना बॉलीवुड अभिनेता और निर्माता परवीन डबास और प्रीति झंगियानी ने की है और साथ ही बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी इसमें भागीदार के रूप में काम किया है। इसने 2023 में पहले सीजन से पहले रैंकिंग टूर्नामेंट के दो संस्करण, कई मेगा मैच और कई प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए थे। प्रो पंजा लीग के सह-मालिक परवीन डबास ने सीजन 2 से पहले अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, पहले सीजन ने साबित कर दिया कि अगर पंजा को सही तरीके से पेश किया जाए तो इसके लिए बहुत सारे दर्शक हैं और हम दर्शकों के प्यार के लिए आभारी हैं। यह सीजन और भी रोमांचक होने का वादा करता है क्योंकि खिलाड़ियों को इसमें शामिल बहुत बड़े दांव का एहसास है और वे अब पूरी तरह से अलग स्तर पर तैयारी कर रहे हैं। हम भारत में स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट के रूप में पंजा को लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विमेंस 100 रेस के फाइनल में पहुंची सिमरन, गोल्ड मेडल की उम्मीद




पेरिस, 05 सितंबर। पेरिस पैरालंपिक के 8वें दिन भारत को सिमरन शर्मा से गोल्ड मेडल की उम्मीद है। सिमरन ने गुरुवार को स्टेड डी फ्रांस में सेमीफाइनल 2 में 12.33 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहने के बाद महिलाओं की 100मीटर टी12 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है।वह अपने गाइड अभय सिंह के साथ बेहतरीन दौड़ी और दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि पहले स्थान पर जर्मनी की कैटरीन म्यूलर रॉटगार्ड रहीं।

सिमरन ने तीसरी सबसे तेज धावक के रूप में फाइनल में अपनी जगह बनाई है। नियम के अनुसार, प्रत्येक सेमीफाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त धावक और अगले 2 सबसे तेज धावक फाइनल में आगे बढ़ते हैं। क्यूबा की ओमारा डूरंड पहले सेमीफाइनल में टॉप पर रहीं।

ओमारा ने सेमीफाइनल में 12.01 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। उसके बाद जर्मनी की म्यूलर रॉटगार्ड और सिमरन रहीं। यूक्रेन की ओक्साना बोटुरचुक 12.36 सेकंड के समय के साथ फाइनल में जगह पक्की करने वाली चौथी और आखिरी धाविका रहीं।

बता दें कि, सिमरन जन्म से ही दृष्टिबाधित है। अपने पति गजेंद्र सिंह जो आर्मी सर्विस कोर के लिए काम करते हैं द्वारा वह नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में ट्रेनिंग लेती हैं।

# मंडाविया ने पैरालंपिक खेलों में भाग लेकर स्वदेश लौटे खिलाड़ियों से की मुलाकात

नयी दिल्ली 05 सितंबर। केन्द्रीय खेल मंत्री डा मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में भाग लेकर स्वदेश लौटे खिलाड़ियों तथा उनके प्रशिक्षकों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और बधाई दी। आज यहां इस अवसर पर डॉ. मंडाविया ने पैरा खिलाड़ियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रशंसा और सम्मान व्यक्त करते हुए कहा, मुझे आज पैरालंपिक में पहली बार भाग लेने वाले छह एथलीटों से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैं दीप्ति को इस सम्मान कार्यक्रम में पहली बार पदक जीतने के लिए बधाई देता हूं। बाकी सभी को, मैं भविष्य के पैरालंपिक के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं और मुझे विश्वास है कि आप भी पदक जीतेंगे।

## सिंगापुर ने मंगोलिया को टी-20 में 10 रन पर किया ऑलआउट

नयी दिल्ली 05 सितंबर। हर्ष भारद्वाज तीन रन पर (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर सिंगापुर ने टी-20 विश्व कप एशिया क्वालीफायर ए के मुकाबले में मंगोलिया की टीम को 10 रन के स्कोर पर समेटने के बाद पहले ही ओवर में 11 रन बनाकर मैच जीतकर एक अनोखा रिकार्ड बना लिया है।

बंगी में खेले गये मुकाबले में दोनों टीमों ने न्यूनतम स्कोर को लेकर एक नया रिकार्ड बना लिया है। मंगोलिया ने पुरुषों के टी20आई में सबसे कम स्कोर की बराबरी की। उन्होंने पिछले साल स्पेन के खिलाफ आइल ऑफ मैन द्वारा बनाए गए सबसे कम स्कोर की बराबरी की। वहीं सिंगापुर ने सबसे कम स्कोर का पीछा कर जीत दर्ज करने का भी रिकार्ड बनाया है।

इस दूसरे सबसे न्यूनतम स्कोर के जवाब में सिंगापुर ने पहले ओवर में एक विकेट खोकर मात्र पांच गेंदों में 11 रन बनाकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। राउल शर्मा ने छक्का लगाया और विलियम सिम्पसन ने आखिर गेंद पर चौका लगाकर सिंगापुर की जीत पक्की कर दी। इस हार के साथ मंगोलिया ने अपने सभी चार मैच गंवाए हैं और तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

सिंगापुर की ओर से हर्ष भारद्वाज ने चार ओवर में तीन रन देकर छह विकेट लिये। यह पुरुष टी-20 में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 17 वर्षीय लेगस्पिनर ने शुरुआती ओवर में दो विकेट लिए और पावरप्ले में मंगोलिया ने छह में से पांच विकेट गवां। उसके पांच बल्लेबाजों ने शून्य पर आउट हुए।

मंगोलिया ने दस ओवर तक बल्लेबाजी की और तीन मेडन ओवर खेले। लक्ष्य का पीछा करते हुए, राउल शर्मा ने अपनी पहली गेंद पर छक्का लगाया और विलियम सिम्पसन ने पहले ओवर की अंतिम गेंद पर चौका लगाकर सिंगापुर की जीत पक्की कर दी।

# पंत की 20 महीने बाद रेड बॉल क्रिकेट में वापसी, सस्ते में लौटे पवेलियन

नई दिल्ली, 05 सितम्बर। दलीप ट्रॉफी 2024 के मुकाबले 5 सितंबर से शुरू हो गए हैं। जिसका पहला मैच इंडिया ए और इंडिया बी के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच से ऋषभ पंत ने रेड बॉल क्रिकेट में वापसी की। पंत ने इससे पहले आखिरी बार मीरपुर में 22-25 दिसंबर 2022 तक बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। जिसके बाद वह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।

ऋषभ पंत की रेड बॉल क्रिकेट में वापसी सुखद नहीं रही। उन्होंने चौके से खाता तो खोला, लेकिन बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में कैच थमा बैठे। पंत 10 गेंद में 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। आकाश दीप की गेंद पर पंत ने गेंद को बाउंड्री के पार भेजने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग मिस कर गए और शुभमन गिल ने मिड ऑफ से अपनी बाईं तरफ पीछे की ओर दौड़ते टाइमिंग मिस कर गए और शुभमन गिल ने मिड ऑफ से अपनी बाईं तरफ पीछे की ओर दौड़ते हुए डाइव लगाकर शानदार कैच लपक लिया। नीचे दिए वीडियो में भी आप शुभमन गिल को पंत का कैच पकड़ते हुए देख सकते हैं।



# सुप्रीम कोर्ट ने मु.मंत्री केजरीवाल की रिहाई के संकेत दिये

## केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने आरोप लगया कि केजरीवाल को गिरफ्तारी सिर्फ जानबूझकर उन्हें जेल में रखने के लिए की गई है

- वकील सिंघवी ने आरोप लगाया कि हाई कोर्ट के आदेश से पहले ही केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी से पहले केजरीवाल को इस मामले में सी.बी.आई. की ओर से कोई नोटिस भी नहीं दिया गया।
- सी.बी.आई. की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने सिंघवी की दलीलों का पुरजोर तरीके से विरोध किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को अगर कोई भी राहत दी जाती है तो यह हाई कोर्ट के सम्मान पर प्रतिकूल असर डालेगी।

नयी दिल्ली, 5 सितंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित सी.बी.आई. के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत की मांग के साथ ही गिरफ्तारी (सीबीआई की ओर से) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मु.मंत्री केजरीवाल की रिहाई के स्पष्ट संकेत दिये हैं।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की बैंच ने याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की घंटों दलीलें ने सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रखने का फैसला किया।

बैंच के समक्ष सुनवाई के दौरान राजू ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को जमानत दिए जाने की दलीलों का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि अधिनस्थ अदालत को दरकिनार करने की अनुमति केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती है।

इस पर केजरीवाल पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत आरोपी को नोटिस जारी करने के संबंध में वर्तमान याचिका में उठाए गए आधारों पर हिरासत के दौरान बहस की गई थी। इसके बाद विशेष अदालत ने उसे खारिज कर दिया था। इसलिए याचिकाकर्ता को फिर से उसी मुद्दे पर वहां बहस करने के लिए वापस भेजना न्यायोचित नहीं होगा।

बैंच के समक्ष गुरुवार को सिंघवी ने कहा, शायद यह एकमात्र ऐसा मामला है, जिसमें मुझे (केजरीवाल) इस अदालत से सख्त धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दो रिहाई आदेश मिले, जिसमें धारा 45 का प्रतिबंध है। उच्च न्यायालय से एक और विस्तृत आदेश मिला। फिर सीबीआई द्वारा इस पहले से तय गिरफ्तारी हुई।

शीर्ष अदालत को सिंघवी ने यह भी बताया कि केजरीवाल का नाम 2022 में दर्ज मुकदमे में नहीं था और उन्हें इस साल जून में गिरफ्तार किया गया था।

उन्होंने कहा, तीन अदालती आदेश मेरे पक्ष में हैं। यह एक तय गिरफ्तारी है, ताकि उन्हें जेल में रखा जा सके।

वरिष्ठ अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए कहा, सबूतों के साथ छेड़छाड़ का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि लाखों दस्तावेज हैं, जिनमें से कई डिजिटल हैं। उनके मुवक्किल न्यायिक हिरासत में रहते हुए गवाहों को कैसे प्रभावित कर सकते हैं और इस मामले में पांच आरोप पत्र भी दाखिल किए गए हैं।

उन्होंने दिल्ली अबकारी नीति मामले से संबंधित अन्य आरोपियों - दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद के कविता के जमानत आदेशों का हवाला दिया। शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया था।

सिंघवी ने आगे कहा कि सी.आर.पी.सी. की धारा 41ए को 2010 में गिरफ्तारियों को विनियमित करने के लिए पेश किया गया था और इसका उद्देश्य मनमानी गिरफ्तारियों को रोकना और यह सुनिश्चित करना था कि कानून प्रवर्तन अधिकारी बिना किसी वैध आधार के किसी को गिरफ्तार न कर सकें।

दूसरी ओर राजू ने केजरीवाल की याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि उन्होंने पहले सत्र न्यायालय में गुहार लगाने के सीधे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उन्होंने कहा, यह मेरी प्रारंभिक आपत्ति है। गुण-दोष के आधार पर अधिनस्थ अदालत को पहले इस पर विचार करना चाहिए था।

उच्च न्यायालय को गुण-दोष देखने के लिए बनाया गया था और यह केवल असाधारण मामलों में ही हो सकता है। सामान्य मामलों में पहले सत्र न्यायालय का रुख करना पड़ता है। वे (केजरीवाल) यहां आए और फिर उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया और फिर वे फिर से शीर्ष अदालत आए।




*शिक्षक दिवस पर जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मु.मंत्री ने कई शिक्षकों को सम्मान पत्र भेंट करके उन्हें सम्मानित किया। मु.मंत्री ने इस मौके पर नदबई निवासी अपने शिक्षक शंकरलाल शर्मा के भी पैर छुये तथा शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट करके उनका अभिनंदन किया। मु.मंत्री के साथ इस मौके पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी मौजूद रहे।*

# राजस्थान के विद्यालयों के क्रमोन्नयन में कमी नहीं होगी- भजनलाल शर्मा

## राज्य सरकार के 55 हजार 800 मेघावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किया

- जयपुर के बिड़ला सभागार में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।
- मुख्यमंत्री ने कहा, गुरु-शिष्य परम्परा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। भारतीय परम्परा में गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है।

जयपुर, 5 सितंबर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं, वे नव पीढ़ी में चरित्र-निर्माण की मजबूत नींव डाल कर सक्षम नागरिक रूपी भवन का निर्माण कर रहे हैं। उनकी शिक्षा-ज्ञान से ही मनुष्य विचारशील और करुणा व सहानुभूति के भाव से समृद्ध होता है और एक प्रगतिशील व समावेशी समाज बनाता है। मुख्यमंत्री गुरूवार को बिड़ला सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान सर्वापरि रहा है। शिक्षक प्रतिबद्धता और परिश्रम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं और समर्पण एवं निष्ठा से विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध बनाते हैं। इसलिए विद्यालय केवल अच्छे भवन, महंगे उपकरण या सुविधाओं से नहीं बल्कि शिक्षकों के अमूल्य ज्ञान से बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उनके असाधारण व्यक्तित्व एवं शिक्षा में उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य संबंध की समृद्ध परंपरा को पुनर्जीवित करने के क्रम में राज्य सरकार विश्वविद्यालय के कुलपतियों को कुलगुरु की पदवी से नवाजे जाने की परंपरा शुरू करने जा रही है।

समारोह में मुख्यमंत्री शर्मा अपने शिक्षक शंकरलाल शर्मा को देखकर भावुक हो गए। वे मंच से उतरे, गुरु के चरण स्पर्श किए, उन्हें अपने निकट बैठाया एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक अपने शिष्यों की सफलता के लिए अथक परिश्रम करते हैं। वे एक कुम्हार की तरह होते हैं जो मिट्टी को अपने अनुभव से गूंथता है और एक सुंदर प्रतिमा बनाता है। उनके समर्पण का कोई मोल नहीं है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने बाल्यकाल में शिक्षा प्राप्त करने के अनुभव भी मंच से साझा किए।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राजकीय विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, लैब, पुस्तकालय, शौचालयों के निर्माण के लिए 350 करोड़ रुपये और 750 स्कूलों की बिल्डिंग की मरम्मत के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

साथ ही, हम स्कूल और कॉलेज में बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम के माध्यम से 1 लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित कर रहे हैं। आगामी दो वर्षों में राज्य सरकार 20 आईटीआई और 10 पॉलिटेक्निक कॉलेज भी खोलेगी।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रदेशभर में शिक्षकों द्वारा बेहतरीन काम किया जा रहा है। इस शैक्षिक वर्ष में विद्यार्थियों के अच्छे परीक्षा परिणाम भी आए हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेशभर में 7 करोड़ वृक्षारोपण के लक्ष्य के क्रम में शिक्षा विभाग ने अकेले ही 2 करोड़ 50 लाख का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

समारोह में मुख्यमंत्री ने 11 मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क टैबलेट वितरित किए और शिक्षक सम्मान पुस्तिका एवं शिविरा का विमोचन भी किया। साथ ही, प्रदेशभर में 55 हजार 800 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा शाला स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत शिक्षक भी समारोह से जुड़े।

## 'सेबी चेयरमैन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अनेक फोन-कॉल आते हैं तथा वे पूछते हैं, "मार्केट रेग्यूलेटर की स्थिति अब कैसी है? क्या हम भारत के सिक्योरिटीज मार्केट पर भरोसा कर सकते हैं? मार्केट रेग्यूलेटर की ईमानदारी को लेकर क्या चल रहा है?

चक्रवर्ती ने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस देश के स्टॉक मार्केट को बहुत मजबूत एवं विशाल रूप में देखना चाहती है।

उन्होंने कहा,"हम अपने स्टॉक मार्केट में विदेशी पूँजी को देखना चाहते हैं। यह देश के लिए अत्यावश्यक है। यह एक राष्ट्रीय महत्व का विषय है। मूल सवाल यह है कि यहाँ किसे बचाया जा रहा है? माधवी पुरी बुच के मामले में ई.डी. खामोश क्यों है?

चक्रवर्ती ने जोर देते हुए कहा, "यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है। अगर विदेशी निवेशक चिन्तित हैं तथा मार्केट रेग्यूलेटर के अध्यक्ष पर लगे आरोपों की श्रृंखला के कारण, वे भारत के स्टॉक मार्केट की ईमानदारी के बारे में सन्देहों से भरे हुए हैं, तो क्या जाँच कराया जाना राष्ट्र-हित में नहीं होगा, जिससे इस मामले की जड़ तक पहुँचा जा सके तथा उसका समाधान किया जा सके।

## पुराने एम.आर.ई.सी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भी तरह का आदेश नहीं दिया जा रहा है। वहीं यदि भविष्य में यहां कोई निर्माण होता है तो अदालत के सामने इसकी जानकारी देने पर उस पर विचार किया जा सकता है। राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि यदि मामले में अब तक कोई निर्देश दिए गए हैं तो उन्हें तत्काल निरस्त किया जाता है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एकलपीठ ने एक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के आधार पर गत 15 मई को स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था। समाचार में गांधी नगर के पुराने एम.आर.ई.सी. परिसर में मास्टर प्लान के विपरीत बहुमंजिला इमारतों के निर्माण के प्रस्ताव की जानकारी दी गई थी। इससे हरित क्षेत्र के प्रभावित होने और आसपास मोर पक्षी होने की बात भी कही थी। अदालत ने कहा कि एकलपीठ का स्वप्रेरित प्रसंज्ञान आदेश काफी व्यापक स्तर का है। इसके अलावा अब तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया, जिसे अंतरिम आदेश देने का आधार बनाया जा सके। समाचार में कुछ लोगों के कहने पर आरोप लगाया गया है, जबकि इन आरोपों को किसी भी प्रक्रिया के माध्यम से सत्यापित नहीं किया गया है।

दूसरी ओर महाधिवक्ता ने कहा कि वर्तमान में पुराने एम.आर.ई.सी. परिसर में बहुमंजिला बिल्डिंग निर्माण को लेकर कोई स्वीकृत योजना नहीं है। वहीं यदि भविष्य में यहां सरकारी अधिकारियों के आवास के लिए कोई बहुमंजिला बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव बनाया जाएगा तो उसे विधि अनुसार और मास्टर प्लान के हिसाब से सक्षम अधिकारी से अनुमति लेने के बाद ही बनाया जाएगा।

गौरतलब है कि एक समाचार पत्र में गत 14 मई को समाचार प्रकाशित किया गया था कि पुराने एम.आर.ई.सी. परिसर में 18 मंजिल के 6 टावर बनाने की योजना बनाई जा रही है, जो मास्टर प्लान के विपरीत है। इस समाचार पर एकलपीठ ने स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेते हुए गांधीनगर सहित अन्य संबंधित जगह पर बहुमंजिला निर्माण पर यथा स्थिति के आदेश दिए थे।

## सिक्किमः सेना का वाहन खाई में गिरा, 4 शहीद

पाकयोंग (सिक्किम), 5 सितंबर। सिक्किम के पाकयोंग जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां सेना के एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से 4 जवान शहीद हो गए।

यह हादसा तब हुआ जब सेना का वाहन ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्ते पर यात्रा कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के ज़ुलुक जाते समय गुरुवार को सड़क दुर्घटना में कम से कम चार भारतीय सेना के जवानों की मौत हो गई।

यह दुर्घटना सिक्किम के पाकयोंग जिले में सिल्क रूट पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन सड़क से फिसलकर लगभग 700 से 800 फीट नीचे खाई में गिर गया।

## बढ़ते ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के कारण होने वाली फ्लैश फ्लड्स की घटनाएं तथा मलबा गंभीर खतरा पैदा कर सकती हैं।"

## उदयपुर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में आरोपी बनाया है। वह कन्हैयालाल की दुकान से कुछ दूरी पर स्थित चूड़ी की दुकान में काम करता है। यदि वह मौके पर रेकी करने जाता तो वहां लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे में उसकी रिकॉर्डिंग होती। इसके अलावा, कॉल डिटेल के अनुसार, अपीलार्थी ने किसी को फोन नहीं किया था, बल्कि उसके पास फोन आया था और वह नंबर भी उसके पास सेव नहीं था। इसके अलावा, घटना के एक दिन पहले टी स्टॉल पर बैठकर षडयंत्र करना भी साबित नहीं है। इसका विरोध करते हुए एन.आई.ए. की ओर से कहा गया कि अपीलार्थी ने घटना के दिन मुख्य आरोपी को फोन कर कन्हैयालाल के दुकान पर होने की बात बताई थी। इसके बाद मुख्य आरोपियों ने आकर घटना को अंजाम दिया था। यदि उसे जमानत दी गई तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद खंडपीठ ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि 28 जून, 2022 को उदयपुर में कन्हैयालाल टेलर की हत्या कर उसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया गया था। मामले में एन.आई.ए. ने जांच करते हुए रियाज़ अत्तारी और गौस मोहम्मद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एन.आई.ए. कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया था।

पूर्व में आरोपी फरहाद मोहम्मद को भी जमानत मिल चुकी है। जबकि मामले में पाक निवासी आरोपी सलमान और अबू इब्राहिम फरार चल रहे हैं।

## केन्द्रीय मंत्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शिवाजी महाराज की प्रतिमा के निर्माण में केवल 1.5 करोड़ रुपया खर्च किया गया, जबकि, राज्य के कोष से इस काम के लिए "236 करोड़ रुपए" लिए गए थे।

# पुतिन ने यूक्रेन और रूस के बीच मध्यस्थता में भारत की भूमिका को अहम बताया

- पुतिन ने भारत के अलावा चीन और ब्राजील का भी नाम लिया और कहा, ये देश वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता के प्रबल प्रर्वतक हैं।
- पुतिन ने कहा, वे यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर तीन देशों.. भारत, चीन और ब्राजील के संपर्क में हैं और इसे सुलझाने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने पुतिन के हवाले से अपनी खबर में कहा, "हम अपने मित्रों और साझेदारों का सम्मान करते हैं। हम.. मुख्य रूप से चीन, ब्राजील और भारत, इस संघर्ष से जुड़े सभी मुद्दों को ईमानदारी से सुलझाना चाहते हैं।

मॉस्को, 5 सितंबर। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से साथ जारी युद्ध के बीच मध्यस्थता को लेकर बड़ा बयान दिया है। पुतिन ने कहा है कि भारत दोनों देशों के बीच बातचीत में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने भारत के अलावा, चीन और ब्राजील का भी नाम लिया। पुतिन ने कहा कि भारत, चीन, और ब्राजील जैसे देश रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता करा सकते हैं। उन्होंने इन देशों को वैश्विक मंच पर स्थिरता और शांति के समर्थक बताते हुए कहा कि उनके माध्यम से संघर्ष को सुलझाने के प्रयास किए जा सकते हैं।

पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर तीन देशों.. भारत, चीन और ब्राजील के संपर्क में हैं और इसे सुलझाने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने पुतिन के हवाले से अपनी खबर में कहा, "हम अपने मित्रों और साझेदारों का सम्मान करते हैं। हम.. मुख्य रूप से चीन, ब्राजील और भारत इस संघर्ष से जुड़े सभी मुद्दों को ईमानदारी से सुलझाना चाहते हैं। मैं इस मुद्दे पर अपने सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क में रहता हू।"

रूस के राष्ट्रपति ने यह भी माना कि यूक्रेन की स्थिति जटिल है, और सीधा समाधान खोजना आसान नहीं है। लेकिन, भारत, चीन और ब्राज़ील जैसे देशों के बीच मध्यमार्गी दृष्टिकोण और वैश्विक कूटनीतिक भूमिका के कारण ये देश मध्यस्थता में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध के पहले सप्ताहों में तुर्की के इस्तांबुल रूसी और यूक्रेनी पक्ष के बीच वार्ता हुई थी।

# मोदी ने सिंगापुर की सेमीकंडक्टर कंपनी ए.ई.एम. का दौरा किया

- सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉन्ग भी मोदी के साथ मौजूद रहे।
- प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर की सेमीकंडक्टर कंपनियों को 11-13 सितंबर को ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली सेमीकॉन इंडिया प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

सिंगापुर, 5 सितंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉन्ग के साथ सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में सिंगापुर की अग्रणी कंपनी एईएम का आज दौरा किया। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि मोदी को वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में एईएम की भूमिका, इसके संचालन और भारत के लिए कंपनी की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सिंगापुर सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री एसोसिएशन ने सिंगापुर में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और भारत के साथ सहयोग के अवसरों पर जानकारी साझा की। इस क्षेत्र की कई अन्य सिंगापुरी कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर की सेमीकंडक्टर कंपनियों को 11-13 सितंबर को ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली सेमीकॉन इंडिया प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के हमारे प्रयासों और इस क्षेत्र में सिंगापुर की ताकत को देखते हुए, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने का निर्णय लिया है। भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन की दूसरी बैठक के दौरान, दोनों पक्ष द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए एडवांस मैन्युफैक्चरिंग को जोड़ने पर सहमत हुए।

# चीन ने चुपचाप, बिना किसी हो हल्ला के डैंग ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सितारा डूबता-उतरता रहा, क्योंकि, अपने करीबी सहयोगियों को लेकर-माओ के विचार, विश्वास के शक्कीपन के बीच झूलते रहते थे।

राष्ट्रों और देशों के जीवन में, कई बार कुछ लोग ऐसे आते हैं जो अपने देशवासियों की कई पीढ़ियों को सम्मोहित कर सकते हैं। हिटलर अपने देश को समोहित कर सकता था और उसने कुछ ऐसे अतिक्रूरतापूर्ण काम किए, जिनका जर्मनी जैसा सभ्य राष्ट्र भी विरोध नहीं कर सका। माओ में भी इतना करिशमा रहा होगा कि उनके कुछ अति विचित्र विचारों का भी विरोध नहीं हुआ और सुधार व क्रांति के नाम पर, किसी गुलाम की तरह देश ने उनका विरोध नहीं किया।

अपना स्थान सुदृढ़ करने के बाद, माओ ने बड़ी निर्दयता के साथ कम्युनिस्ट रिवोल्यूशन को विधिपूर्वक संपादित करने में अपनी पूरी सनकी ऊर्जा लगा दी। निरंकुश सत्ता व नियंत्रण हासिल करने के लिए उन्होंने "प्रोलिटेरियन शासन" के अपने सिद्धांत को आगे बढ़ाया और मामूली सा भी विरोध या उसका डर तक पनपने से पहले ही खत्म कर दिया।

इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए माओ ने अपने सबसे विश्वासपात्र सदयोगियो तक को बन्दी बनाया। इनमें डैंग शिपिंग और जाओ एनलाई दोनो शामिल थे।

माओ इतने चतुर थे कि उन्हें पता था कि दोनों का अलग-अलग समय पर क्या महत्व हो सकता था।

माओ ने कम्युनिस्ट क्रांति के बाद जो नया राज्य बनाया था उसके लिए जाओ बहुत जरूरी थे। माओ ने जाओ को बर्दाशत किया साथ ही साथ वे उनके पर भी कतरते रहे।

डैंग शिपिंग के मामले में माओ ज्यादा ही निष्ठुर थे, माओ को संदेह था कि डैंग उनके विचारों के प्रति निष्ठावान नहीं हैं और इसलिए डैंग और उनके परिवार को काफी कुछ सहना पड़ा। जब डैंग को अपने परिवार की जरूरत थी तब उनके परिवार को उनसे मिलने नहीं दिया गया। डैंग के बड़े बेटे को इतना परेशान किया गया कि वह पूछताछ कैम्प से भाग निकला और इतना घायल हो गया कि जीवन भर के लिए अयोग्य हो गया।

माओ ने कई बार डैंग को मजबूर किया कि वे सार्वजनिक मंच से खुद की आलोचना करें लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कई बार डैंग की जान बचाई खासकर "गैंग ऑफ फोर" से।

जब माओ को लगा कि उनका अंतिम समय है तो उन्होंने डैंग की बजाय हुआ गुओ के अपना उत्तराधिकारी बनाया तथा उन्हें पार्टी और मिलैट्री कमेटी का चेयरमैन बना दिया।

लेकिन डैंग की तुलना में हुआ कमज़ोर थे। हालांकि हुआ और उनके विश्वस्तों ने "गैंग ऑफ फोर" को पकड़ लिया था, फिर डैंग को पुनः सत्ता में प्रमुख पद दिया गया क्योंकि सभी वरिष्ठ नेताओं का मत था कि सिर्फ डैंग ही सबको साथ लेकर चल सकते हैं। डैंग ने कम्युनिष्ट पार्टी के दलों को भी भेजा और उन्हें विकसित और पूंजीपति देशों का एक्सपोज़र तथा उनकी रिपोर्ट के आधार पर चीन को दुनिया के लिए खोलने का विचार किया गया। कम्युनिस्ट नेताओं को लगता था कि पूंजीवादी पचिमी देशों का पतन हो रहा है यहां वकर्स को शोषण हो रहा है। वे असंतुष्ट हैं, पर जब वे वहां गए तो उन्होंने देखा कि यहां श्रमिक चीन की तुलना में ज्यादा अच्छी स्थिति में है।

उन्होंने यह भी देखा कि पश्चिमी देश चीन के साथ काम करने को तैयार हैं और वो चीन में निवेश करना चाहते हैं। अमेरिका से आए एक प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अमेरिकन उद्योग चीन में 18 अरब डॉलर्स का निवेश करना चाहते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि चीन को निवेश की अनुमति दे देनी चाहिए। जब यह रिपोर्ट डैंग को दी गई तो उन्होंने कहा "18 अरब डॉलर क्यों, 81 या 181 अरब डॉलर क्यों नहीं।" चीन के लिए यह था देंग का विज़न।

आज शी एक अलग मार्ग पर हैं। वे दुनिया के लिए चीन के खुले दरवाजों की नीति को कमज़ोर कर रहे हैं ओपन मार्केट और ओपन इकोनॉमी में डैंग मॉडल को फॉलो करने के बाद चीन काफी आगे बढ़ा इतना तो डैंग ने भी नहीं सोचा था। आज चीन बहुत ताकतवर है।

चीन की विदेश नीति भी अब बेहद आक्रामक है। जबकि डैंग के समय में चीन का रुख बेहद दोस्ताना था। चीन अब अपने फायदे के लिए विवाद खड़े करता है। इस नए दृष्टिकोण का रिज़ल्ट भी उतना ही अनिश्चित है जितना अनिश्चित चीन देंग के जमाने में थे।

## धर्म के नाम पर वन भूमि ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराई जाए। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, सुदर्शन तीर्थ की याचिका और शंकर लाल की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जब संबंधित पहाड़ याचिकाकर्ता से संबंधित नहीं है तो उनकी ओर से किस अधिकार से पहाड़ खोदा गया। याचिकाकर्ता ने आरंभ में राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन पहाड़ के रूप में दर्ज इस भूमि को आवंटित करने के लिए विभाग में आवेदन किया था, जिससे जाहिर है कि उन्हें इस बात की जानकारी थी कि यह गैर मुमकिन पहाड़ है। इसके अलावा, अदालत ने कहा कि श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, सुदर्शन तीर्थ की याचिका इस आधार पर भी खारिज की जानी चाहिए कि उन्होंने अपनी याचिका में इस बात का खुलासा नहीं किया कि मामले में अतिक्रमण को लेकर जनहित याचिका लंबित है।

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, सुदर्शन तीर्थ की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था कि टोंक के दूनी में पहाड़ पर महावीर स्वामी और पार्श्वनाथ की मूर्तियां जमीन के नीचे से निकली हैं। जैन शास्त्रों के अनुसार यह सैकड़ों साल पुरानी हैं। ऐसे में यह याचिकाकर्ता को दी जाए।

दूसरी तरफ शंकर लाल की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया कि इस धार्मिक स्थल ने वन विभाग की इस जमीन पर कब्जा कर रखा है। राजस्व रिकॉर्ड में यह गैर मुमकिन पहाड़ के रूप में दर्ज है। वन विभाग भी मामले में एफ.आई.आर. दर्ज करा चुका है और पेनल्टी भी लगा चुका है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज कर याचिकाकर्ता पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है।

'राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600